NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष :05, अंक :-156, पृष्ठ : 12 | शुक्रवार, 12 दिसम्बर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

## दुखदः पूर्व गृहमंत्री शिवराज पाटिल का 90 की उम्र में निधन



इंदिरा-राजीव के भरोसेमंद थे; मुंबई हमले की नैतिक जिम्मेदारी लेकर इस्तीफा दिया था

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का शुक्रवार को 90 की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने लातूर में सुबह 6.30 बजे अंतिम सांस ली। शिवराज पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। लातूर में उनके घर देवघर में उनका इलाज चल रहा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाटिल का अंतिम संस्कार शनिवार को किया जाएगा। शिवराज के परिवार में उनके बेटे शैलेश, बहू अर्चना और दो पोतियां हैं। पाटिल लातूर लोकसभा सीट से 7 बार सांसद रहे। शिवराज को इंदिरा गांधी और राजीव गांधी का विश्वासपात्र माना जाता था। वे 1980 के दशक में इंदिरा और राजीव की सरकारों में रक्षा मंत्री रहे। इसके अलावा वे 1991 से 1996 तक लोकसभा के 10वें अध्यक्ष रहे। 2004 से 2008 तक केंद्र में गृह मंत्री रहे। हालांकि मुंबई हमले में सुरक्षा चूक की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए उन्होंने इस्तीफा दे दिया था।

# घाटी से गिरी बस, 9 की मौत

## छत्तीसगढ़-आंध्रप्रदेश बॉर्डर पर हुआ हादसा, 40 यात्री थे बस में सवार



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश में बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। हादसा अल्लूरी सीताराम राजू जिले में हुआ। जानकारी के मुताबिक चित्तूर जिले से आ रही एक निजी बस अनियंत्रित होकर घाटी में गिर गई। इस हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। निजी बस चित्तूर-मारेदुमिल्ली घाट रोड पर खाई में जा गिरी। जिस वक्त ये भयानक हादसा हुआ, उस समय यात्री नींद में थे। हादसे पर आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति मुर्मू ने शोक व्यक्त किया है।

वहीं हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर बचाव अभियान शुरू किया। जिस बस में हादसा हुआ, वह यात्रियों से खचाखच भरी हुई थी। बताया जा रहा है कि बस भद्राचलम के एक मंदिर में दर्शन करने के बाद अन्नावरम जा रही थी। जिला कलेक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि अल्लूरी सीताराम राजू जिले में चित्तूर और भद्राचलम के बीच घाट रोड पर एक बस पलट गई। नौ लोगों के मरने की खबर है। घायलों को इलाज के लिए भद्राचलम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों के अनुसार चित्तूर जिले से दो ड्राइवरों सहित 38 लोगों का एक समूह तीर्थयात्रा पर था। हादसे को लेकर पुलिस को संदेह है कि चालक तुलसिपाका के पास नौवें मील के पत्थर पर तीखे मोड़ पर नियंत्रण खो बैठा और सुरक्षा दीवार से टकरा गया, जिसके कारण यह हादसा हुआ। घटना स्थल पहाड़ियों पर थी, जहां मोबाइल नेटवर्क कवरेज उपलब्ध नहीं है, इसलिए सूचना को मोथुगुंटा के अधिकारियों तक पहुंचने में कुछ समय लगा, जो तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। हादसे की वजह और मरने वालों की पहचान का पता लगाया जा रहा है।

## कफ सिरप कांड में ईडी की 25 ठिकानों पर छापेमारी, छह शहरों में बोला धावा



**लखनऊ।** यूपी के कफ सिरप कांड मामले में प्रवर्तन निदेशालय की टीमों ने शुक्रवार सुबह से ही सिंडिकेट के 25 ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी। ईडी की टीमों ने लखनऊ, वाराणसी, अहमदाबाद, जौनपुर, सहारनपुर और रांची के ठिकानों पर छापेमारी की है। वहीं, लखनऊ में आरोपी आलोक सिंह के ठिकानों पर भी छापा मारा।

इसके पहले, कफ सिरप मामले में लखनऊ में कोडीन युक्त सिरप, टेबलेट, कैप्सूल और इंजेक्शन की कालाबाजारी के मामले में 11 अक्तूबर को गिरफ्तार हुए कृष्णानगर के स्नेहनगर निवासी दीपक मानवानी के दो साथियों सूरज मिश्र और प्रीतम सिंह को कृष्णानगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में आरोपियों का एक साथी आरुष सक्सेना अभी पकड़ा नहीं गया है। पुलिस टीम उसकी तलाश में लगी है।

## इंडिगो के चार फ्लाइट इंस्पेक्टर निलंबित

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो बीते कुछ दिन से अपने इतिहास के सबसे कठिन दौर से गुजर रही है। रोजाना लगभग 2300 फ्लाइट्स ऑपरेट करने वाली और घरेलू एविएशन मार्केट में 60% से भी अधिक हिस्सेदारी रखने वाली इस एयरलाइन का मार्केट कैप मौजूदा संकट के बाद करीब 21,000 करोड़ रुपये तक घट चुका है। इसी बीच इंडिगो के परिचालन में उपजे संकट के 11वें दिन नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एक बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत डीजीसीए ने चार फ्लाइट इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया है।

डीजीसीए ने ये कदम ऐसे समय में उठाया है जब गुरुवार को ही इंडिगो ने हालिया संकट से प्रभावित हुए यात्रियों के लिए रिफंड के बाद अब अतिरिक्त मुआवजे का एलान किया है। वहीं गुरुवार को ही दूसरी बार इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स डीजीसीए के समक्ष पेश हुए। बता दें कि इंडिगो ने शुक्रवार को भी बंगलूरू एयरपोर्ट से 54 उड़ानें रद्द की, जिनमें 31 आगमन और 23 प्रस्थान उड़ानें शामिल हैं। इससे पहले गुरुवार को दिल्ली और बंगलूरू से 200 से अधिक उड़ानें रद्द हो चुकी थीं।

## गोवा अग्निकांड; क्लब मालिकों को भारत लाने की प्रक्रिया शुरू

**बैंकॉक।** गोवा के नाइट क्लब आग मामले में मुख्य आरोपी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाईलैंड से भारत लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। थाईलैंड पुलिस ने फुकेट में दोनों भाइयों को हिरासत में लिया था। थाई पुलिस अब दोनों को बैंकॉक लेकर जा रही है। वहां सुवर्णभूमि एयरपोर्ट पर भारतीय एजेंसियां उन्हें अपनी कस्टडी में लेंगी। इसके बाद उन्हें सुआन फू इमिग्रेशन डिटेंशन सेंटर ले जाया जाएगा। पासपोर्ट रद्द होने के कारण भारतीय दूतावास उन्हें इमरजेंसी ट्रैवल सर्टिफिकेट जारी करेगा।



# हनुमानगढ़ में विरोध प्रदर्शन जारी, तनावपूर्ण हालात

## 17 को कलेक्ट्रेट घेराव की चेतावनी; पुलिस ने 107 लोगों पर किया मामला दर्ज, 40 हिरासत में



**हनुमानगढ़।** राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में हुए बवाल की खबर देशभर में छाई रही। ताजा अपडेट के मुताबिक, ड्यून एथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड की फैक्टरी के खिलाफ किसानों और स्थानीय लोगों का विरोध जारी है। पुलिस ने इस मामले में 107 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। 40 लोग हिरासत में लिए जा चुके हैं। महिलाओं ने पुलिस पर गोली चलाने का आरोप लगाया उन्होंने गुरुद्वारे सिंह सभा में गोलियों के खोल भी दिखाए।

डर के कारण कई लोग अपने घरों में ताले लगाकर रिश्तेदारों के पास चले गए हैं। कुछ लोग गुरुद्वारा सिंह सभा में शरण ले रहे हैं। गुरुवार को किसानों से हुई दो दौर की वार्ता सफल नहीं रही। एडीजी वीके सिंह ने कहा कि 10 दिसंबर को स्थिति शांत थी, लेकिन बाहरी लोगों ने उपद्रव भड़काया।

अखिल भारतीय किसान सभा के जिला महासचिव मंगेज चौधरी ने कहा कि पुलिस के हथियार जंग लगे थे, वरना सैकड़ों लोगों की जान खतरे में पड़ सकती थी। उन्होंने 17 दिसंबर को किसान कलेक्ट्रेट का घेराव करने की बात कही। सादुलशहर भाजपा विधायक गुरवीर सिंह बराड़ भी गुरुवार देर शाम किसानों से बातचीत करने टिब्बी पहुंचे। जोगाराम पटेल ने कहा कि यह पूरी घटना प्रायोजित थी और आंदोलन नहीं था। राजस्थान के बाहर से आए करीब 1000 लोगों ने फैक्टरी में हिंसा की। उन्होंने लोगों से कानून को हाथ में न लेने की अपील की। उन्होंने कहा- 17 दिसंबर को किसान कलेक्ट्रेट का घेराव करेंगे। बुधवार (10 दिसंबर) को राठीखेड़ा गांव में निर्माणाधीन फैक्ट्री की दीवार तोड़ दी गई और अंदर आग लगा दी गई। इसके बाद पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच पत्थरबाजी हुई। इस दौरान कांग्रेस विधायक समेत 70 से ज्यादा लोग घायल हुए। कुछ घायल रातभर गुरुद्वारे में रुके। टिब्बी क्षेत्र में इंटरनेट बंद है। फैक्टरी के आसपास रहने वाले लगभग 30 परिवार घर छोड़कर चले गए। इधर आंदोलन में शामिल महिलाओं ने पुलिस पर बर्बरता का आरोप लगाया है। आंदोलनकारी परमजीत कौर ने बताया कि धरनास्थल से लौटते समय पुलिसकर्मियों ने उन्हें बाल पकड़कर खींचा और पीटा। उनका कहना है कि उनके साथ बहुत ज्यादती हुई।

## यूपी में फर्जी आईएएस अरेस्ट, चार राज्यों में फैला था नेटवर्क



**गोरखपुर।** सरकारी विभागों में टेंडर दिलाने का झांसा देकर ठगी के आरोपी फर्जी आईएएस ललित किशोर उर्फ गौरव कुमार सिंह का नेटवर्क चार राज्यों में फैला हुआ था। पुलिस के मुताबिक, 40 से अधिक लोग ठगी के शिकार हुए हैं। फर्जी आईएएस सफेद लग्जरी गाड़ी पर लाल-नीली बत्ती लगाकर सरकारी अफसर की तरह गांव और शहरों में निरीक्षण करता था।

बिहार के भागलपुर में असली एसडीएम से सामना होने पर उसने उनके रैंक और बैच पूछने पर दो थप्पड़ तक मार दिए थे। इसके बावजूद एसडीएम ने शर्मिंदगी के चलते शिकायत दर्ज नहीं कराई। इसका पदार्फाश पुलिस की जांच में हुआ। पुलिस की पूछताछ में गौरव ने बताया कि वह अपने साले अभिषेक कुमार की मदद से सोशल मीडिया पर खुद को आईएएस अफसर के रूप में प्रमोट करता था। अभिषेक के दोस्त परमानंद गुप्ता से पहचान होने के बाद यूपी में उसका नेटवर्क तेजी से बढ़ा।

बीते तीन साल में उसने यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश और झारखंड में बिल्डरों और कारोबारियों को सरकारी काम दिलाने का झांसा देकर पांच करोड़ रुपये और दो इनोवा कारें तक ठग लीं। गौरव ने पुलिस को बताया कि एक साल तक अंडरग्राउंड रहने के दौरान उसने बिहार के सीतामढ़ी के रीगा निवासी प्रीति को प्यार के जाल में फंसाकर घर से भगा लिया और मंदिर में शादी कर ली। पैसे की जरूरत पड़ी तो अभिषेक के साथ मिलकर नौकरी और सरकारी टेंडर दिलाने का फर्जी रैकेट खड़ा कर दिया। अभिषेक सॉफ्टवेयर जानता था और सीतामढ़ी में उसकी पकड़ मजबूत थी, जिससे गौरव के लिए फर्जी पहचान बनाना आसान हो गया।

***पांच करोड़ रुपये और दो लक्जरी कारें तक ठगीं***

उसने बताया कि पहले वे जालसाजों से नकली आईडी और कागज बनवाते थे लेकिन एआई आने के बाद अखबारों की कतरन, टेंडर और सरकारी दस्तावेज मिनटों में तैयार करने लगे। पिछले तीन वर्षों में उसने यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश और झारखंड के कई बिल्डरों और कारोबारियों को सरकारी टेंडर दिलाने का झांसा देकर पांच करोड़ रुपये और दो लक्जरी कारें तक ठग लीं।

## गोवा के बाद ओडिशा के नाइट क्लब में आग

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां सत्य विहार इलाके में एक नाइट क्लब में भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद वहां के लोग डर गए और मौके पर फायरब्रिगेड की टीम तुरंत पहुंची। आग से निकलते धुएं की मोटी परत ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। अधिकारी ने बताया कि अभी तक आग लगने का सटीक कारण पता नहीं चल सका है।

अधिकारी जांच कर रहे हैं कि क्या यह आग इलेक्ट्रिकल शॉर्ट सर्किट, किचन में कोई खराबी या किसी और कारण से लगी। फायरब्रिगेड के कर्मचारी पूरे प्रयास से आग पर काबू पाने में लगे रहे। उनकी तेज कार्रवाई की वजह से आग पास के भवनों तक नहीं फैल पाई। अधिकारियों के अनुसार, अब तक इस आग में कोई हताहत नहीं हुआ है।

## जापान में 6.7 तीव्रता का भूकंप

### देश के पूर्वोत्तर में लगे झटके, सुनामी की चेतावनी



**टोक्यो।** जापान में आज सुबह एक बार फिर धरती हिलने से दहशत फैल गई। जापान में तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए। भारतीय समय के अनुसार यह भूकंप सुबह 8:14 बजे आया। भूकंप की तीव्रता 6.7 मापी गई। इसी के साथ सुनामी की भी चेतावनी जारी की गई है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के मुताबिक शुक्रवार को देश के उत्तर-पूर्व में रिक्टर स्केल पर भूकंप की 6.7 तीव्रता मापी गई। भूकंप के बाद सुनामी की भी चेतावनी जारी की गई। फिलहाल नुकसान के बारे में तुरंत कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

बताया जा रहा है कि समुद्र में आया 6.7 तीव्रता का भूकंप इतना जोरदार था कि तटीय इलाकों से लेकर दूर बसे शहरों तक धरती हिलने से हड़कंप मच गया। जिसकी गहराई 10.7 किलोमीटर बताई जा रही है। भूकंप तट के करीब आया, ऐसे में तीव्र भूकंप के झटकों से लोगों में दहशत फैल गई और घरों से बाहर भागने लगे। शुक्रवार को आए भूकंप के बाद जापान की मौसम एजेंसी ने सुनामी की चेतावनी जारी की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 1 मीटर तक ऊंची लहरें आने का अलर्ट जारी किया गया है। कई तटीय इलाकों में दोपहर तक लगातार अलर्ट दिया गया है। बता दें कि एक हफ्ते में चौथी बार जापान भूकंप की दहशत से थर्राया है। इससे पहले सोमवार को 7.6 की तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया, जिसमें 50 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। इसी के साथ हल्के नुकसान और सुनामी की लहरें भी देखी गई। इसके अगले दिन यानी मंगलवार को होंचो शहर में 6.7 मैग्नीट्यूड के झटके महसूस किए गए। वहीं बुधवार को आओमोरी और होक्काइडो में भी 6.5 की तीव्रता का भूकंप आया। अब आज यानी शुक्रवार को फिर से 6.7 की तीव्रता के भूकंप से जापान हिला है। ऐसे में लगातार तीसरे दिन भूकंप की दहशत महसूस की गई।

## कांगो में हमला, 400 से अधिक नागरिकों की मौत

**गोमा (कांगो)।** कांगो और रवांडा के बीच संघर्ष और तेज हो गया है। शुक्रवार को क्षेत्रीय अधिकारियों ने बताया कि रवांडा समर्थित एम23 विद्रोही समूहों ने पूर्वी कांगो के दक्षिण किवु प्रांत में अपना हमला तेज कर दिया है, जिसमें पिछले कुछ दिनों में 400 से अधिक नागरिक मारे गए हैं। अधिकारियों का दावा है कि रवांडा की स्पेशल फोर्सेज रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण शहर उविरा में मौजूद हैं। यह नया हमला पिछले हफ्ते वॉशिंगटन में अमेरिका की मध्यस्थता में कांगो और रवांडा के राष्ट्रपतियों



द्वारा हस्ताक्षरित शांति समझौते के बावजूद हुआ है।

पिछले हफ्ते ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वाशिंगटन में कांगो और रवांडा के बीच समझौता कराया था। मगर अब वह टूट चुका है। वजह है कि उस समझौते में एम23 को शामिल नहीं किया गया था। विद्रोही समूह कांगो के साथ अलग से बातचीत कर रहा है और इस साल की शुरूआत में घोषित युद्धविराम को दोनों पक्ष एक-दूसरे पर तोड़ने का आरोप लगा रहे हैं। फिर भी समझौता रवांडा को सशस्त्र समूहों का समर्थन बंद करने और शत्रुता खत्म करने के लिए बाध्य करता है। दक्षिण किवु सरकार के प्रवक्ता ने बुधवार देर रात बयान में कहा, उविरा और प्रांतीय राजधानी बुकावू के बीच के इलाकों में गोलियों, ग्रेनेड और बमों से 413 से अधिक नागरिक मारे गए हैं, जिनमें बहुत सी महिलाएं, बच्चे और युवा शामिल हैं।

किवु सरकार के बयान में कहा गया, हमारे पास जानकारी है कि शहर में मौजूद ताकतें रवांडा की स्पेशल फोर्सेज और उनके कुछ विदेशी भाड़े के सैनिकों की हैं, जो युद्धविराम के साथ-साथ वॉशिंगटन और दोहा समझौतों का खुला उल्लंघन कर रही हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने तत्काल और बिना शर्त शत्रुता बंद करने की मांग की है। उनके उप-प्रवक्ता फरहान हक ने कहा कि गुटेरेस दक्षिण किवु में हिंसा की बढ़ोतरी और उसके मानवीय परिणामों से गहरी चिंता में हैं।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376**। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है)

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
अपना ब्रज
www.nnindianews.com
शुक्रवार, 12 दिसम्बर 2025


# साइबर ठगों के गांवों में पुलिस की दबिश

## 400 से अधिक पुलिसकर्मियो ने की घेराबंदी, 42 ठगों को किया अरेस्ट, 120 भाग निकले

एनएनआई

**मथुरा।** ठगों के संगठित गिरोह की कमर तोड़ने के लिए सुबह पांच बजे ठगों के चार गांवों की पुलिस ने घेरेबंदी की। चार एएसपी की अगुवाई में साढ़े तीन सौ से अधिक पुलिसकर्मियों ने 12 घंटे तक तलाशी अभियान चलाया। घर-घर दबिश देकर 42 ठगों को गिरफ्तार कर लिया। 120 से अधिक खेतों के रास्ते राजस्थान सीमा में भाग गए। पुलिस ने सात बाइक, भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री, कई फर्जी कागजात, दर्जनों मोबाइल, सिमकार्ड और डिजिटल उपकरण बरामद किए हैं। कई मोबाइलों में ठगी के साक्ष्य, बैंकिंग एप और वारदात से जुड़े संदेश भी पाए गए हैं।





जिले में करीब एक दर्जन गांव साइबर ठगों के कारण बदनाम हैं। इन गांवों में 80 प्रतिशत से अधिक युवा ठगी का काम करते हैं। इन्हें टटलू के नाम से जाना जाता है। पहले यह नकली ईंट, सस्ता सामान बेचने का लालच देकर लोगों को बुलाते थे और फिर लूट लेते थे। कई वर्षों से यह साइबर ठगी कर रहे हैं। आनलाइन ठगी के जरिए हजारों को चूना लगा चुके हैं। एसएसपी श्लोक कुमार इन गांवों की कई दिनों से निगरानी करा रहे थे।

सुबह पांच बजे चार एएसपी, चार सीओ,15 थाना प्रभारी, 27 सब इंस्पेक्टर, 300 पुलिस कर्मियों, दो प्लाटून पीएसी और बम स्क्वायड टीम ने एक-दूसरे से सटे देवसेरस,मुड़सेरस, मड़ौरा और नगला अकातिया को एक साथ घेर लिया। जिस वक्त छापेमारी हुई, ज्यादातर लोग गहरी नींद में थे। पुलिस को देख गांव में भगदड़ मच गई। घरों से कूदकर ठग भागने लगे। पुलिस ने घर-घर दबिश दी। गांव और उसके बाहर खेतों में दौड़ाकर 42 लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

करीब 120 से अधिक लोग भागने में सफल हो गए। यह गांव राजस्थान सीमा से सटे हैं, ऐसे में राजस्थान की ओर ठग भागे। करीब 12 घंटे तक सर्च आपरेशन चला। शाम पांच बजे तक पुलिस ने घरों से सात बाइकें बरामद कीं।

भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री, कई फर्जी कागजात, दर्जनों मोबाइल, आधार कार्ड, सिमकार्ड और डिजिटल उपकरण बरामद किए। कई मोबाइलों में ठगी के साक्ष्य, बैंकिंग एप और वारदात से जुड़े चैट भी मिले हैं। एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत, एसपी क्राइम अवनीश मिश्रा, एसपी सुरक्षा राजकुमार अग्रवाल और एसपी यातायात मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में 300 से अधिक घरों में तलाशी ली गई। एसपी देहात सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि कई दिनों से इन गांवों की निगरानी की जा रही थी, फिर सुबह पांच बजे छापेमारी की गई है। पकड़े गए शातिरों से पूछताछ की जा रही है

### रात में ही मिल गई थी छापे की खबर

**मथुरा** एनएनआई। अपने जाल में फंसाकर भोले-भाले लोगों को चूना लगाकर ठगों ने क्या कमाई की, यह देखना है तो उनके गांवों में आइए। आलीशान कोठियों में ठग रहते हैं। गांव के एक व्यक्ति की बेटी की शादी में बुधवार रात एक डिफेंडर और 40 थार से बराती आए। इनमें बड़ी संख्या में ठग गिरोह के लोग भी शामिल थे। रात भर नाचे, जश्न मनाया। सुबह पुलिस ने छापेमारी कर दी। लेकिन इससे पहले ही वह गांव से निकल गए, ग्रामीणों में कहना है कि रात में ही उन्हें छापे की खबर मिल गई थी। देवसेरस गांव के साथ ही ठगी के लिए बदनाम अन्य गांवों में बड़े-बड़े मकान हैं। पूर्व में पुलिस ने इन पर कार्रवाई भी की, लेकिन कुछ शांत रहने के बाद वह फिर सक्रिय हो जाते हैं। बड़ी गाड़ियों में चलने वाले इन ठगों के ठाठ भी निराले हैं। कोई थार गाड़ी से चलता है, तो डिफेंडर या रेंज रोवर से। देवसेरस में करीब दस हजार की आबादी है। इसमें आधे से अधिक मेव हैं। इनमें ही लगभग 90 प्रतिशत ठगी का धंधा करते हैं। गांव के खुर्शीद की बेटी की शादी बुधवार को थी। इस शादी का आयोजन खेत में किया गया। इसमें रेंज रोवर, डिफेंडर और करीब 40 थार गाड़ियों से बराती आए।

# एक्सीडेंट में युवक की मौत फरवरी में होनी थी शादी

एनएनआई

**मथुरा।** बलदेव में दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो युवक और युवती घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि जिस युवक की मृत्यु हुई है, उसकी फरवरी में शादी होने वाली थी। शादी की खरीदारी के लिए ही वो अपने भाई और बहन के साथ आगरा गया था। लौटते समय दर्दनाक हादसे में जान चली गई।



बलदेव थाने के गांव गढ़ी मंगली (बरौली) निवासी नरेंद्र परिहार के दो पुत्र जतिन और जयंत, बहन मोहिनी के साथ शादी के सामान की खरीदारी के लिए बाइक से आगरा गए थे। देर रात आगरा से वापस लौटते समय कैलाश रोड़ पर गांव सराय के पास सामने तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। आमने-सामने हुई बाइकों की भिड़ंत में जतिन और जयंत के साथ बहन मोहिनी गंभीर घायल हो गई। तीनों को अस्पताल ले गए, जहां जतिन (23) को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं जयंत और मोहिनी की हालत गंभीर बनी हुई है।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। जतिन की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों ने बताया कि जतिन की फरवरी में शादी होने वाली थी। शादी की घर में तैयारियां चल रही थीं। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ संजीव राय और थानाध्यक्ष रंजना सचान ने बताया दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई है। तीन लोग घायल हैं।

# दूल्हे के ताऊ से कैश और ज्वैलरी से भरा बैग लूटकर भागे बदमाश

**मथुरा** एनएनआई। सदर थाना क्षेत्र के औरंगाबाद स्थित होटल ललिता ग्रांट के समीप गुरुवार शाम सात बजे बाइक सवार बदमाशों ने दूल्हे के ताऊ से ढाई लाख रुपये नकदी और 15 लाख रुपये के आभूषण से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। ताऊ सड़क पर खड़े हुए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले, लेकिन पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है।

हरियाणा के बल्लभगढ़ के रहने वाले कपिल की गुरुवार को सदर के औरंगाबाद क्षेत्र की एक युवती के साथ रजवाड़ा रिसोर्ट में शादी है। स्वजन बरात लेकर मथुरा आए थे। शाम सात बजे बरात चढ़ाई के दौरान कपिल के पिता परमवीर ने ढाई लाख रुपये नकदी और 15 लाख रुपये के आभूषणों से भरा बैग अपने भाई गोपाल सिंह को दे दिया। वह बैग लिए होटल ललिता ग्रांट के समीप खड़े थे। इसी दौरान एक अपाचे बाइक पर आए दो युवकों ने उनका बैग छीन लिया और तेजी से फरार हो गए। इसे देख गोपाल सिंह के होश उड़ गए। उन्होंने शोर मचाना शुरू किया, लेकिन थोड़ी ही देर में बाइक सवार आंखों से ओझल हो गए। वारदात के बाद स्वजन ने यूपी डायल 112 पुलिस को सूचना दी। सदर थाना प्रभारी अश्वनी कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिए। लाखों की वारदात की सूचना मिलते ही एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह भी रजवाड़ा रिसोर्ट पहुंच गए और स्वजन से जानकारी जुटाई।

# चूड़ी जड़ाई के दौरान लगी आग, पति-पत्नी गंभीर रूप से झुलसे





एनएनआई

**फिरोजाबाद।** भगवान नगर गली नम्बर 4 में शुक्रवार सुबह चूड़ी जड़ाई का काम करते समय आग लगने से एक दंपती गंभीर रूप से झुलस गया। यह घटना उस समय हुई जब जड़ाई में इस्तेमाल होने वाली डिब्बी में तेल डाला जा रहा था। आग की लपटें देखकर परिवार में चीख-पुकार मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत आग पर काबू पाया और झुलसे हुए दंपती को सरकारी ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया।

घायल दंपती की पहचान गोविंद और उनकी पत्नी के रूप में हुई है। उनके हाथ, चेहरे और शरीर के अन्य हिस्से झुलस गए हैं, और उनका उपचार जारी है।

परिजनों ने आरोप लगाया है कि जड़ाई में इस्तेमाल किया जा रहा मिट्टी का तेल मिलावटी था, जिसके कारण आग तेजी से भड़की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में पहले भी मिलावटी तेल के कारण चूड़ी जड़ाई के दौरान आग लगने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। इस घटना के बाद भगवान नगर क्षेत्र में दहशत का माहौल है। चूड़ी उद्योग से जुड़े कारीगरों ने मिट्टी के तेल की गुणवत्ता की जांच कराने और मिलावट रोकने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके। सूचना मिलने पर थाना उत्तर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। प्रशासन ने भी मिलावटी तेल के स्रोत और उसकी आपूर्ति श्रृंखला की जांच शुरू कर दी है।

# मुनाफे के लालच में फंसी महिला, 5.95 करोड़ गंवाए

## शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर हो गई ठगी, पुलिस ने शुरू की जांच

एनएनआई

**आगरा।** सिकंदरा के मेघ विहार कॉलोनी की महिला ने फेसबुक पर शेयर बाजार में निवेश कर मुनाफा कमाने का विज्ञापन देखा। लिंक पर क्लिक करते ही उसे वॉट्सएप ग्रुप पर जोड़ लिया गया। विशेषज्ञ बनकर सलाह देने के बहाने दो एप डाउनलोड कराए गए। दो माह में लालच देकर 5.95 करोड़ से अधिक रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर करवाए। रकम निकालने का प्रयास करने पर मैनेजमेंट फीस मांगी गई। फीस जमा करने पर भी रकम नहीं निकली तो पीड़िता ने साइबर सेल में शिकायत की।



साइबर थाना पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर ठगों की तलाश कर रही है।पीड़िता पूनम तिवारी ने पुलिस को बताया कि सितंबर माह में उन्हें फेसबुक पर एक लिंक दिखा। उसमें निवेश कर कई गुना लाभ कमाने की बातें लिखी थीं। लिंक पर क्लिक किया तो दूसरी ओर से वॉट्सएप ग्रुप में जोड़ दिया गया। ग्रुप में कुछ लोग निवेश के लिए सलाह दे रहे थे। उन्होंने एसबीआई सिक्योरिटीज और एसडीएमसी एप ऑफ स्टैंडर्ड चार्टेड इंडिया लिमिटेड नाम के एप लिंक देकर डाउनलोड कराए।

उनको बाजार विशेषज्ञ समझ कर वह 24 सितंबर से निवेश करने लगी। पहले छोटे निवेश में लाभ हुआ और फिर उन्हें नए नए टास्क देकर रकम विभिन्न खातों में स्थानांतरित कराई जाती रही। 27 नवंबर तक उनसे 5,95,27,500 रुपये जमा करवा लिए गए। उन्होंने रकम निकालना चाहा तो आरोपी हर बात बहाना बना और रुपये जमा करवा लेते थे। अंत में रकम वापसी के लिए मैनेजमेंट फीस मांगी गई। जमा करने भी एप पर दिख रही रकम नहीं निकली तो उन्हें शक हुआ। उन्होंने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत की। एडीसीपी आदित्य कुमार ने बताया कि शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। खातों की जानकारी कर रकम होल्ड कराई गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### खाते के नवीनीकरण के नाम पर बुज़ुर्ग से 1.31 लाख ठगे

सिकंदरा क्षेत्र में एक बुजुर्ग पेंशनर विजय प्रकाश दुबे, निवासी सुलभ विहार को मुंबई पेंशन विभाग का अधिकारी बनकर साइबर अपराधी ने कॉल की। पेंशन खाते के नवीनीकरण कराने के बहाने खाते की जानकारी कर 1.31 लाख रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि 30 नवंबर की शाम करीब 4 बजे उनके मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति का कॉल आया था। उसी रात करीब 9:30 बजे उनके खाते से 1,31,000 रुपये निकाल लिए गए। उन्होंने साइबर क्राइम की हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत की। इंस्पेक्टर सिकंदरा ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

# मिट्टी भरी ट्रैक्टर ट्रॉली ने छात्र को कुचला

## आज सुबह झरना नाले के पास हुआ हादसा, मौके पर ही हुई मौत

एनएनआई

**एत्मादपुर।** आज सुबह छलेसर क्षेत्र में झरना नाला के पास हाइवे पर हुए सड़क हादसे में मिट्टी भरी ट्रैक्टर ट्राली से कुचल कर परीक्षा देने जा रहे छात्र की मौत हो गई। जबकि उसके दो साथी घायल हो गए। हादसे के बाद पहुंची क्षेत्रीय पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए आगरा भेज दिया है। वहीं फरार चालक की दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर ट्राली को हिरासत में ले लिया है।

कस्बा बरहन के मोहल्ला टंकी निवासी हरीशंकर का 22 वर्षीय पुत्र सौरभ आज सुबह लगभग साढे. नौ बजे अपने दो साथियों रुद्र प्रताप और



तरुण के साथ आगरा में परीक्षा देने के लिए बाइक से जा रहा था। इसी दौरान थाना एत्मादपुर क्षेत्र में झरना नाला के पास मिट्टी से भरी एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से परीक्षार्थियों की बाइक सड़क पर गिर पड़ी और छात्र सौरभ के ऊपर से ट्रैक्टर ट्राली का पहिया निकल गया। फलस्वरूप उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद हाइवे पर दौड़ते वाहन चालकों की भीड़ जमा हो गई। ट्रैक्टर ट्राली को छोड़कर चालक भाग गया। इधर मृतक छात्र के घायल साथी तरुण ने मोबाइल फोन से हादसे की सूचना उसके परिजनों को दी तो घर पर कोहराम मच गया। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि छात्र को मौत का शिकार बनाने वाली ट्रैक्टर-ट्राली मिट्टी ले जा रही थी। हादसे के समय ट्रैक्टर का पहिया फट जाने पर चालक उसे मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार मृतक के शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए आगरा भेज दिया गया है। ट्रैक्टर ट्राली छलेसर चौकी पुलिस ने हिरासत में ले ली है।

# ट्रक चालक से मारपीट, 25 हजार रुपये गायब

## कार्रवाई न होने पर बजरंग दल ने थाने में की शिकायत

एनएनआई

**आगरा।** टेढ़ी बागिया क्षेत्र में भैंस लादकर पहुंचे ट्रक चालक के साथ मारपीट और चोरी की घटना सामने आई है। गोरखपुर निवासी ड्राइवर अंगनु प्रसाद शर्मा ने बताया कि वह पहली बार इस व्यापारी का भाड़ा लेकर आए थे। गाड़ी पर गोबर गिरने के बाद सफाई को लेकर हुए विवाद में व्यापारी ने उनके साथ मारपीट कर गाड़ी की चाबी छीन ली। चालक का आरोप था कि बाद में जब पुलिस ने चाबी वापस दिलाई और वह ट्रक पर लौटा तो उसमें रखे करीब 25 हजार रुपये गायब मिले। इस संबंध में टेढ़ी बागिया चौकी पर शिकायत देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई।




कार्रवाई न होने से नाराज बजरंग दल के जिला संयोजक योगेश ठाकुर कार्यकर्ताओं के साथ थाने पहुंचे और आरोपी व्यापारी पर सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने मामले में चालक की तहरीर के आधार पर आरोपी व्यापारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया।

**वैधानिक सूचना**

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# एक समौसा-चाय में बीएलओ दिनभर 'लक्ष्य के पीछे दौड़े'

## शत-प्रतिशत मतदाता सत्यापन फार्म भरकर ऑनलाइन करने में फूलीं सांसें, समय सीमा बढ़ने से फिर मिली राहत

एनएनआई

**एत्मादपुर।** विधानसभा मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को चार दिसंबर को बढ़ी समय-सीमा का गुरुवार को अंतिम दिन था। इस दौरान सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) और सुपरवाइजर तहसील सभागार में शत-प्रतिशत मतदाता सत्यापन फार्मो को भरकर ऑनलाइन करने में एक समौसा-चाय पीकर शत-प्रतिशत निर्धारित लक्ष्य पूरा करने में जुटे रहे। इस दौरान उन्हें पानी पिलाने वाला तक कोई नहीं था।

समौसा अंदर सभाकक्ष में खाया और पानी बाहर सड़क पर लगे आरओ प्लांट पर जाकर पिया। लेकिन इस दौरान तहसीलदार देवेंद्र प्रताप सिंह हर तरीके से उनकी मदद कर हौसला-अफजाई करते नजर आए। उन्होंने बीएलओ को आवंटित भाग संख्या के निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण कराने में तीन घंटे लगातार बैठकर सहयोग किया। तहसील सभागार में दोपहर को एक बजे



बीएलओ सृष्टि वर्मा के फार्मो को पूर्ण कराने में मोहल्ला कटरा के सभासद धर्मेंद्र बघेल भी लगे थे। सतौली जाटवान मोहल्ला की मतदाता मुमताज पत्नी मुस्ताक के फिरोजाबाद की जसराना विधानसभा के मोहल्ला गरीबा निवासी माता-पिता मुन्ने खां-मुन्नी की डिटेल लेने को संबंधित बीएलओ से मोबाइल फोन पर जानकारी लेने की झुंझलाहट को दरकिनार कर उन्होंने बताया कि 1057 मतदाता फार्मो में से सिर्फ 24 मतदाताओं के सत्यापन फार्म भरने के लिए शेष रह गए हैं। दूसरी ओर बीएलओ विजय सिंह की मदद में शिकोहाबाद निवासी साला राजीव कुमार और भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष महेश चंद्र जैन भी जुटे थे। तहसीलदार देवेंद्र प्रताप सिंह सुबह से सभी के पास जा-जाकर सरल भाव से उनकी हर प्रकार की दुश्वारियों को कम करने में जुटे रहे। लगभग डेढ़ बजे किसी कार्यवश आगरा चले गए तो अपने आठ बूथों का लक्ष्य पूर्ण कराने में लगे सुपरवाइजर राजेश कांत उपाध्याय ने बताया कि साहब दीवानी न्यायालय गए हैं, अभी कुछ देर में लौटकर आ रहे हैं। तभी भोजनावकाश का समय होने पर ढाई बजे सभागार में लोक सेवक राजू ने सभी को एक-एक समौसा पकड़ा दिया। कुछ महिला बीएलओ ने सीट पर अपना लंच बॉक्स खोल लिया। लेकिन पानी पीने का कोई इंतजाम नहीं था।

समौसा खाने के बाद रोमसंस ग्रुप के सड़क पर लगे आरओ प्लांट पर जाकर पानी पिया। फिर तीन बजे पीने के लिए पहली चाय मिली। काम पूरा करने के लक्ष्य के पीछे भागते हुए चार बजे तक चकरघिन्नी बन चुके चुनाव आयोग के इन कार्मिकों के चेहरों पर उस समय कुछ राहत झलकी जब उन्हें एसआईआर का कार्य पूरा करने के लिए एक बार फिर समय सीमा बढ़ाए जाने की खबर मिली। चुनाव आयोग ने अब एसआईआर कार्य का अंतिम समय 26 दिसंबर निर्धारित किया है।

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
NNI हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
आगरा
www.nnindianews.com
शुक्रवार, 12 दिसम्बर, 2025


# सुलह की ओर नगर निगम घमासान

## मेयर हेमलता दिवाकर के बदले सुर, अब बीच की रास्ते की ओर दोनों पक्ष

एनएनआई

**आगरा।** नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी और मेयर हेमलता दिवाकर कुशवाह के बीच विवाद में नया मोड़ आ गया है। भतीजे हर्ष दिवाकर के समर्थन में सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम को आड़े हाथों लेने वाली मेयर ने अपना रुख बदला है। उनका कहना है कि नगर निगम में कोई विवाद नहीं है। गलतफहमियां हैं उन्हें साथ बैठाकर उन्हें दूर किया जाएगा। इससे पूर्व में मेयर ने सहायक नगर आयुक्त के खिलाफ मोर्चा खोला था। भ्रष्टाचार को लेकर न सिर्फ शासन में उनकी शिकायत की बल्कि आगरा आए मुख्यमंत्री के समक्ष भी उन्होंने सहायक नगर आयुक्त का मुद्दा उठाया। मगर, अब उनका रुख बदला हुआ है। मेयर हेमलता दिवाकर कुशवाह ने कहा था कि अगर हर्ष गलत होगा तो मैं खुद उसे पुलिस के पास ले जाऊंगी। घटना के सबंध में अब तक कोई सबूत नहीं मिले हैं। सभी आरोप निराधार हैं। भ्रष्टाचार को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। सहायक नगर आयुक्त जिस कार्यक्रम में मारपीट का आरोप लगा रहे हैं, वहां सैकड़ों लोगों के मोबाइल फोन थे। मुझे अब तक घटना का कोई प्रूफ नहीं मिला है। उन्होंने कहा-हर्ष की इतनी हिम्मत कैसे हो गई कि वह मेरे अधिकारी को हाथ लगा देगा। मेरा भतीजा है, इस तरह की हरकत कभी नहीं कर सकता। गिरफ्तार करने का जो मामला तूल पकड़ रहा है कि उसके खिलाफ एफआईआर कराइये। अगर कोई सबूत होगा तो मैं हर्ष को लेकर खुद आ जाऊंगी। मेयर ने कहा था-हो सकता है कि भ्रष्टाचार को दबाने के लिए ये सब किया जा रहा हो। सहायक नगर आयुक्त ने जो गलतियां की हैं, जो भ्रष्टाचार किया है, उसे कहां ले जाएंगे। मैंने मुख्यमंत्री तक ये बात पहुंचाई है। मैंने प्रमुख सचिव को सहायक नगर आयुक्त के खिलाफ कार्रवाई के लिए लिख दिया है। अब उन्होंने कहा है कि नगर निगम में कोई विवाद नहीं है। गलतफहमियां हैं। साथ बैठाऊंगी। दूर किया जाएगा। नगर निगम के पार्षद और अधिकारी सब मेरा परिवार हैं। किसी हालत में अपने परिवार को बिखरने नहीं दूंगी।

## तो क्या अकेली पड़ गईं मेयर...!




जहां अधिकारी एकजुट थे लेकिन कर्मचारी नेता अलग-अलग खेमे में थे। सत्ता में आते ही भगवा खेमे में लोकल स्तर पर भी कई गुट बन गए हैं। समय आने पर एक दूसरे को पटखनी देन से बाज नहीं आते हैं। नगर निगम में लगातार चल रही घमासान के बीच मेयर गुट अकेला पड़ता नजर आ रहा था। मेयर और नगर आयुक्त के बीच तनातनी कोई नई नहीं हैं। नगर निगम के झगड़े में मेयर के भतीजे की एंट्री के बाद सहायक नगर आयुक्त से नया विवाद खड़ा हो गया। जहां अधिकारियों न प्रशासनिक स्तर पर मोर्चा खोला, वहीं मेयर हेमलता ने राजनीतिक मोर्चा खोल दिया। उन्होंने कानून के साथ पार्टी को भी संलग्न कर लिया। उन्होंने अपनी शिकायत व्यक्तिगत रूप से सूबे के मुखिया सीएम योगी के सामने भी रखी। अंदरखाने के सूत्र बता रहे हैं कि इस पूरे प्रकरण में अकेली पड़ती नजर आईं। एक अज्ञात दबाव के चलते अब दोनों ही पक्ष इस झगड़े को ठंडे बस्ते में डालने की तैयारी में हैं। अब देखना होगा कि नगर निगम अधिकारियों का मेयर क्लीनचिट कैसे देंगी। गौरतलब है कि मेयर ने अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के संगीन आरोप लगाए थे।

## कर्मचारियों ने मंडलायुक्त को ज्ञापन देकर की हर्ष पर कार्रवाई की मांग

**आगरा।** मेयर हेमलता दिवाकर कुशवाह के भतीजे हर्ष दिवाकर पर कार्रवाई की मांग को लेकर कर्मचारियों का आक्रोश थम नहीं रहा। कर्मचारियों ने मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह को ज्ञापन देकर हर्ष पर कार्रवाई की मांग। कर्मचारियों का कहना था-जनता के हित को देखते हुए कर्मचारी हड़ताल पर नहीं हैं लेकिन हर्ष पर कार्रवाई की मांग को लेकर आंदोलन जारी रहेगा।कर्मचारी नेता विनोद इलाहाबादी के नेतृत्व में कर्मचारी मंडलायुक्त कार्यालय पर पहुंचे। उनका कहना था-सहमति के प्रयास किए गए लेकिन वह सम्मानजनक नहीं थे। इसलिए अधिकारियों के साथ वार्ता विफल रही है। हमारी मांग है कि सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम के साथ अभद्रता करने वाले को सख्त सजा मिले।उन्होंने कहा-जब अधिकारी ही सुरक्षित नहीं होंगे तो कर्मचारियों में कैसे सुरक्षा का भाव आएगा। ऐसे में सहायक नगर आयुक्त के साथ अभद्रता करने वाले हर्ष दिवाकर पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।



## अतिक्रमण हटाने के विरोध में उतरे दुकानदार

एनएनआई

**आगरा।** नगर निगम ने गुरुवार को छिली ईंट, घटिया क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान टीम को दुकानदारों के विरोध का सामना करना पड़ा। कार्रवाई का विरोध करते हुए दुकानदार सड़क पर उतर आए। गुस्साए मिठाई विक्रेता ने तो सड़क पर दूध ही फैला दिया। इससे अभियान के दौरान अफरा-तफरी मच गई।

नगर निगम टीम को पुलिस बुलानी पड़ी। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाओ अभियान चला। बुलडोजर की मदद से अवैध निर्माण भी ध्वस्त किए। इसकी वजह से सड़क पर आवागमन बाधित हो रहा था।अभियान का नेतृत्व कर रहे निगम अधिकारियों ने जब लोगों को समझाने की कोशिश की तो वे और उग्र हो गए। नारेबाजी करने लगे। हालात गंभीर होते देख अधिकारियों पहले नगर निगम की टॉस्क फोर्स बुलानी पड़ी, इसके बाद पुलिस बुला ली। पुलिस के पहुंचने और हालात नियंत्रित होने के बाद निगम ने कार्रवाई जारी रखी और अतिक्रमण हटाने का काम पूरा किया।वहीं, नगर निगम ने पालीवाल पार्क, सेब का बाजार, फतेहाबाद रोड और बसई मंडी क्षेत्रों में भी अभियान चलाया। यहां प्रतिबंधित पॉलिथिन का प्रयोग करने वाले, गंदगी फैलाने वाले और फुटपाथ पर कब्जा जमाने वाले दुकानदारों पर सख्ती दिखाते हुए हजारों रुपये का जुमार्ना वसूला। अधिकारियों ने दुकानदारों को साफ चेतावनी दी कि शहर में सफाई और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।बोदला से बीघा नगर होते हुए सैफुल नगर तक जाने वाले लिंक रोड को बंद करने की कोशिश नगर निगम प्रशासन ने नाकाम कर दी। जानकारी मिली थी कि एक स्थानीय नेता के इशारे पर लिंक रोड को रोकने के लिए लोहे का भारी गेट और पिलर खड़े किए जा रहे हैं। यह सड़क क्षेत्रवासियों की आवाजाही का महत्वपूर्ण मार्ग है, ऐसे में निर्माण कार्य को अवैध पाते ही निगम प्रशासन तुरंत हरकत में आया।

सूचना मिलते ही जोनल अधिकारी सीपी सिंह के नेतृत्व में प्रवर्तन दल मौके पर पहुंचा। टीम ने बिना समय गंवाए कार्रवाई करते हुए सड़क पर लगाए जा रहे लोहे के पिलर और गेट को मौके पर ही ध्वस्त करा दिया।



## प्रशासन ने किया नगर कीर्तन मार्ग का निरीक्षण

एनएनआई

**आगरा।** शहर में निकालने जा रहे विशाल नगर कीर्तन के मार्ग की सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने पूरे मार्ग का निरीक्षण किया।

नगर कीर्तन गुरुद्वारा माईथान से प्रारंभ होकर घटिया चौराहा, एमडी जैन, हरी पर्वत चौराहा से स्पीड कलर लैब होते हुए आरबीएस रोड मास्टर प्लान रोड, खंदारी चौराहे से बायपास सर्विस रोड पर पहुंचेगा। सर्विस रोड से ट्रांसपोर्ट नगर चौराहे पर पहुंच, लोहे वाले फ्लाई ओवर के नीचे से नगर कीर्तन बाईपास के दूसरी ओर सर्विस रोड से होते हुए सीधे गुरुद्वारा गुरु का ताल पर समाप्त होगा। एडीएम सिटी यमुनाधर चौहान ,नगर निगम से अपर नगर आयुक्त के साथ ट्रैफिक पुलिस ,थाना पुलिस ,विद्युत विभाग, जलकल विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे ।पूरे मार्ग के दौरान समस्याओं में गुरुद्वारा माई थान से लेकर घटिया चौराहे तक के बीच में सीवर की समस्या व अनावश्यक रूप से खड़े वाहन की ओर गुरुद्वारा मैं ठन के प्रधान कमलदीप सिंह वह हेड ग्रंथी ज्ञानी कुलविंदर सिंह ने प्रशासन का ध्यान केंद्रित किया वहीं घटिया चौराहे से विक्टोरिया स्कूल तक सड़क किनारे बन रही नाली व खरंजे के निर्माण कार्य के चलते सड़क पर काफी मालवा था ।

अधिकारियों ने यह मालवा भी जल्द उठा लेने लेते हुए सड़क को पूरी तरह से क्लियर कर देने का आश्वासन दिया है। वहीं स्पीड कलर लैब से आरबीएस चौराहे तक सड़कों पर बिजली की तारें काफी नीची नजर आ रही थी । आरबीएस चौराहे खंदारी चौराहे पर गंदगी और जल भराव की समस्या से प्रशासन को अवगत कराया गया इस प्रकार पूरे मार्ग का सभी अधिकारियों ने गहनता के साथ निरीक्षण किया और समय रहते सभी समस्याओं का निदान कर ,व्यवस्थाएं दुरुस्त कर लेने का आश्वासन दिया गया। वहीं गुरुद्वारा गुरु का ताल के मुख्य द्वार पर प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए एक हाई मास्क लगाई जाने की मांग भी प्रशासन के सामने रखी गई है। मीडिया प्रभारी जसबीर सिंह ने बताया कि पुलिस प्रशासन से आग्रह किया गया है कि नगर कीर्तन के लिए रूट डायवर्जन प्लान को जल्द से जल्द तैयार कर सार्वजनिक कर दिया जाए जिससे कि शहर वासियों को यातायात परिवर्तन की जानकारी मिल सके और उन्हें किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।



# आईएमए ने प्रस्तावित हड़ताल ली वापस

एनएनआई

**आगरा।** उजाला सिगनिस रेनबो हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. अनुराग बंसल के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने से नाराज इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की जिला शाखा की प्रस्तावित हड़ताल वापस ले ली है। आईएमए भवन में डीसीपी सिटी सैय्यद अली अब्बास के साथ बैठक के बाद आईएमए अध्यक्ष डॉ पंकज नगायच और अन्य पदाधिकारियों की बैठक में यह निर्णय लिया गया।डीसीपी सिटी सैय्यद अली अब्बास ने बताया कि डॉ अनुराग बंसल के मामले में संबंधित पुलिसकर्मियों को तत्काल लाइन हाजिर कर दिया गया है। पूरा प्रकरण गंभीरता से जांच के अधीन है और सभी संबंधित लोगों के विरुद्ध विस्तृत जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि दर्ज मुकदमे में डॉक्टर अनुराग बंसल की कोई गलती नहीं पाई जाती है, तो विवेचना समाप्त कर दी जाएगी। इसके अलावा जिलास्तर पर एक एडवाइजरी जारी की जाएगी, जिसमें बिना जांच के



किसी भी डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किए जाने को कहा जाएगा। मामले की पूरी विस्तृत जांच कराई जा रही है।आईएमए अध्यक्ष डॉ. पंकज नगायच ने बताया कि करीब एक घंटे चली बातचीत के बाद डॉक्टरों की सभी मांगों पर सहमति बनने के बाद आईएमए ने हड़ताल वापसी की घोषणा कर दी.बैठक में मौजूद डॉक्टर अनुराग बंसल ने भी अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि मरीज के परिजनों ने निराधार आरोप लगाते हुए भीड़ के साथ हंगामा किया। मौके पर पहुंचे एसआई पर भी डॉक्टर ने अभद्रता का आरोप लगाया। डॉ बंसल के अनुसार, अस्पताल ऑफिस में मरीज पक्ष के एक व्यक्ति ने जान से मारने की धमकी दी। विगत 29 नवंबर को डॉ. बंसल के खिलाफ थाना सिकंदरा में एफआईआर दर्ज की गई थी। आईएमए का कहना था कि उनके विरुद्ध बिना किसी प्राथमिक जांच, बिना चिकित्सकीय विशेषज्ञ समिति की राय और बिना उनका पक्ष सुने एफआईआर दर्ज की गई, जो कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है।

डीसीपी सिटी द्वारा बिना शर्त आईएमए सभागार में प्रमुख मांगों को लिखित में स्वीकार करने के बाद हड़ताल वापस लेने का निर्णय लिया गया। विज्ञप्ति के अनुसार, डॉ. अनुराग बंसल के विरुद्ध दर्ज एफआईआर को निरस्त किए जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है।



## अकोला और फतेहपुरसीकरी ब्लॉक में 41 जोड़ों का हुआ विवाह

**आगरा एनएनआई।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 30 जोड़े विकासखंड अकोला तथा 11 जोड़े विकासखंड फतेहपुर सीकरी का विवाह संपन्न कराया गया। उक्त कार्यक्रम में विधायक चौधरी बाबूलाल ,प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख विकासखंड फतेहपुर सीकरी, ब्लॉक प्रमुख विकासखंड अकोला परियोजना निदेशक तथा उपायुक्त श्रम रोजगार की गरिमामई उपस्थिति में नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया गया।

## बुजुर्ग माताओं की सुरक्षा के लिए आश्रम में लगाए सीसीटीवी



**आगरा एनएनआई।** लायंस क्लब संगिनी द्वारा न्यू राजामंडी स्थित अपना घर अन्नपूर्णा महिला आश्रम में सेवा कार्य सम्पन्न किया गया। सेवा भावना से ओतप्रोत इस कार्यक्रम में क्लब ने आश्रम की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए चार सीसीटीवी कैमरे पूर्ण सेटअप के साथ इंस्टॉल किए, जिससे बुजुर्ग महिलाओं की सुरक्षा एवं निगरानी और सुदृढ़ हो सकेगी। शुभारंभ डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय अजय भार्गव, अल्पना भार्गव, शिखा जैन और रितु गोयल द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अपने संबोधन में अजय भार्गव ने लायंस क्लब संगिनी के प्रयासों को समाज हित में प्रेरणादायी बताया और सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया। क्लब की अध्यक्ष सोनालिका अग्रवाल और सचिव मानसी अग्रवाल ने कहा कि लायंस क्लब सँगिनी समाज के जरूरतमंदों तक सेवा की निरंतर धारा पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी ऐसे मानवतावादी कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर मनीषा जैन, रूपल जैन, नेहा बंसल आदि उपस्थित रहीं।

# सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रस्तुति में शोधार्थी नीलम सम्मानित




एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (डीबीआरएयू), आगरा के इंस्टिट्यूट ऑफ बेसिक साइंसेज की 2018-19 बैच की शोधार्थी नीलम ने राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय व संस्थान का मान बढ़ाया है। नीलम को प्रतिष्ठित नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज, इंडिया की 95वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस में सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रस्तुति से सम्मानित किया गया। यह सम्मेलन 8 से 10 दिसंबर तक आईआईटी गुवाहाटी में आयोजित हुआ, जिसमें देशभर के प्रमुख वैज्ञानिक, शोधार्थी और विशेषज्ञ शामिल हुए।

नीलम ने अपने मार्गदर्शक प्रो. देवेंद्र कुमार, निदेशक–रसायन विभाग, डीबीआरएयू, के निर्देशन में सम्मेलन के मुख्य विषय ह्लस्वस्थ मस्तिष्क, मन और संज्ञानः कंप्यूटर से क्लीनिक तक पर आधारित अपना शोध प्रस्तुत किया। उनके कार्य में मस्तिष्क-संबंधी प्रक्रियाओं की वैज्ञानिक समझ को आधुनिक कंप्यूटेशनल मॉडल से जोड़ने का नवोन्मेषी प्रयास शामिल था, जिसने विशेषज्ञों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। प्रस्तुति का मूल्यांकन प्रो. एस. श्रीवत्सन, क्क्रएफ पुणे द्वारा किया गया। उन्होंने नीलम के शोध की वैज्ञानिक गुणवत्ता, शोध-प्रक्रिया की स्पष्टता, और प्रस्तुतिकरण के नवाचार की सराहना करते हुए इसे सम्मेलन की श्रेष्ठतम प्रस्तुतियों में एक बताया। नीलम की इस उपलब्धि पर कुलपति, डीबीआरएयू, आगरा, प्रो. आशु रानी ने हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान विश्वविद्यालय तथा इंस्टिट्यूट ऑफ बेसिक साइंसेज की शोध उत्कृष्टता को नई पहचान दिलाने वाला है। ।म्मेलन में देशभर के शोधार्थियों ने न्यूरो-साइंस, बायोइन्फॉरमैटिक्स, मेडिकल साइंस, और काग्निटिव साइंस के क्षेत्र में अपने नवीन शोध प्रस्तुत किए। ठअरक की यह वार्षिक कॉन्फ्रेंस युवा वैज्ञानिकों को मंच प्रदान करने के लिए जानी जाती है, जिसके माध्यम से शोध को प्रोत्साहन, नेटवर्किंग और वैज्ञानिक विचार-विमर्श का अवसर मिलता है।

# रूसी भाषा, संस्कृति और साहित्य से रूबरू हुए छात्र

**आगरा एनएनआई।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के विदेशी भाषा विभाग में रूसी भाषा, साहित्य और संस्कृति पर आधारित एक 15 दिवसीय विशेष व्याख्यान श्रृंखला का भव्य एवं सफलतापूर्वक समापन किया गया। इसमें रूस की प्रतिष्ठित आधिकारिक संस्था रोसोत्रुदनिचेस्तवा तथा नई दिल्ली स्थित रूसी दूतावास के रूसी विज्ञान एवं संस्कृति केंद्र का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। इस व्याख्यान श्रृंखला में रूस से आमंत्रित दो अनुभवी मूलभाषी विशेषज्ञ–मिखाईल कुजनेत्सोव और अलेक्सांद्रा वरोना–ने प्रमुख भूमिका निभाई। दोनों



विद्वानों ने विदेशी भाषा विभाग के विद्यार्थियों को रूसी भाषा की ध्वन्यात्मक संरचना, शब्द-व्युत्पत्ति, व्याकरणिक विशिष्टताओं, लेखन शैली, संवाद-कौशल, रूसी संस्कृति, इतिहास, भूगोल तथा साहित्यिक परंपराओं, पर आधारित गहन व्याख्यान प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. आशु रानी ने व्याख्यान श्रृंखला के सफल आयोजन पर गहरा संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से भाषाओं का अध्ययन न केवल छात्रों के ज्ञान को समृद्ध करता है, बल्कि उन्हें वैश्विक संस्कृति और विविधता के प्रति अधिक संवेदनशील बनाता।

समापन सत्र का संचालन रूसी भाषा के शिक्षक अनुज गर्ग ने किया। इस अवसर पर विदेशी भाषा विभाग के सभी शिक्षक डॉ. प्रदीप वर्मा, डॉ. आदित्य प्रकाश, विशाल शर्मा, अंगद कुमार, कृष्ण कुमार तथा डॉ. संदीप सिंह–उपस्थित रहे।



न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर ख़बर पर पक्की नज़र



# पांच वाहनों को किया जब्त



एनएनआई

**आगरा।** अवैध खनन, परिवहन, ओवरलोडिंग पर प्रभावी अंकुश व रोकथाम हेतु जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे विशेष अभियान में राजस्व, खनन, परिवहन व पुलिस विभाग की संयुक्त टास्क फोर्स द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।

अवैध खनन/ परिवहन/ ओवरलोडिंग की रोकथाम हेतु जिलाधिकारी आगरा द्वारा गठित टीम के सदस्यों द्वारा आज जनपद के विभिन्न मार्गो/संदिग्ध स्थानों - ग्वालियर-आगरा, सैया टोल, दक्षिणी बाइपास, आगरा-भरतपुर, आगरा-बाह मार्गो पर कुल 77 वाहनों की चेकिंग की गई तथा अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत ओवरलोड/ बिना आईएसटीपी परिवहन करने वाले 05 वाहनों को जनपद के विभिन्न थाना/चौकियों में निरूद्ध किया गया।

# अदम्य साहस को मिला सम्मान

## जान पर खेलकर आग से परिवार को बचाने वाले फायरकर्मी का किया अभिनंदन

एनएनआई

**आगरा।** हाल ही मे विजय नगर कॉलोनी मे बहुमजिली बिल्डिंग में लगी भीषण आग में फंसे 3 नागरिकों को अपनी जान पर खेलकर जीवन रक्षा करने वाले संजय प्लेस फायर स्टेशन के फायरकर्मी रामकेश गुर्जर की बहादुरी, और वीरता की प्रशंसा करते हुए सामाजिक संस्था लीडर्स आगरा परिवार ने उनको अभिनंदित कर ससम्मान सेल्यूट किया।

लीडर्स आगरा के महामंत्री सुनील जैन की अगुवाई मे टीम ने संजय प्लेस फायर स्टेशन मे रामकेश गुर्जर का सम्मान किया, साथ मे फायर स्टेशन के प्रभारी सोमदत्त शर्मा को भी इलायची की माला पहना कर उनका और उनकी टीम का नागरिकों की ओर से आभार प्रकट किया। सुनील जैन ने कहा कि अग्निकांड में जमीनी स्तर पर लोगों का बचाना आसान है,



बहुमंजिली इमारतों में राहत कार्य करना बहुत मुश्किल है। अग्निकांड पर चारों तरफ से फंसे लोगो को बचाने का आव्हान हो रहा था, फायर कर्मी रामकेश गुर्जर ने साहस का उपयोग कर सबकी जीवन रक्षा की, जो प्रशंसनीय है। इस अवसर लीडर्स आगरा ने उनको भगवान राम की प्रतिमा भेंट की। लीडर्स आगरा के सुनील जैन, सुनील बग्गा,रोबिन जैन, अवधेश उपाध्याय, पूजा भोमिक,सुन्दर लाल चेतवानी, संजय कुमार एडवोकेट, ओमप्रकाश मेडतवाल, राहुल जैन आदि उपस्थित थे।

# महिलाओं को सोशल मीडिया के प्रति करेंगे जागरूक




एनएनआई

**आगरा।** अखिल भारतीय महिला परिषद की आगरा नगर शाखा द्वारा संजय प्लेस स्थित आहार रेस्टोरेंट में कार्यकारिणी की एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विगत वर्ष के कार्यों और गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए जहाँ उपलब्धियों की विवेचना की गई, वहीं आगामी वर्ष की कार्य-योजना बनाते हुए यह तय किया गया कि आगरा शाखा द्वारा महिलाओं को स्वास्थ्य और सोशल मीडिया के प्रति जागरूकता संबंधी आयोजन किए जाएंगे क्योंकि यह आज के वक्त की सबसे बड़ी जरूरत है। बैठक में आरबीएस कॉलेज की पूर्व प्राचार्य व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुषमा सिंह, उमा सिंह, चंद्रा मेहरोत्रा, रूपा मेहरा, ममता खन्ना, सरोज प्रशांत और रजनी शर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

# पाइपलाइन फटने से नामनेर बाजार में जलभराव, लोगो को हो रही परेशानी

एनएनआई

**आगरा।** नामनेर बाजार में पिछले तीन चार दिनों से पानी की पाइप लाइन टूटी हुई है। इसके कारण बाजार में पानी बह रहा है। पूरे बाजार में जलभराव जैसी स्थिति है। व्यापारी परेशान है और उनका व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। दुर्घटना की आशंका भी है। नामनेर बाजार कमेटी के अध्यक्ष ब्रजेश पंडित की ओर से इस सबंध में अधिकारियों से शिकायत की गई है।



# युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल ने मनाया 77वां स्थापना दिवस

एनएनआई

**आगरा।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि आज ही के दिन इस विभाग की स्थापना हुई थी, इसी उपलक्ष्य में आगरा के अकोला स्टेडियम ग्रामीण में 77वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया । जिसमें मुख्य अतिथि चंद्र चूड़ दुबे( क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी आगरा मंडल आगरा) रहे। विशिष्ट अतिथियों में गंभीर सिंह (प्रधान अकोला) सीपी सिंह व कमल बिहारी आदि रहे। सभी अतिथियों का सम्मान जिला युवा कल्याण अधिकारी आगरा विजेंद्र कुमार द्वारा फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया गया।

इस विभाग का कार्य ग्रामीण क्षेत्र में सामुदायिक सद्भाव एवं शांति बनाए रखना, उन्हें आत्मनिर्भर और अनुशासित, आत्म सुरक्षा और अपराधों को रोकने के लिए वर्ष



1947 में प्रांतीय रक्षक दल का गठन किया गया वर्ष 1952 में भौतिक संस्कृति परिषद का प्रांतीय रक्षक दल में विलय कर दिया गया जिसके फलस्वरूप ग्रामीण खेलकूद जिम के माध्यम से शारीरिक विकास एवं युवा आंदोलन के सुदृढ़ीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया। अब ग्रामीण युवाओं के समग्र विकास के लिए निदेशालय द्वारा कई योजना संचालित की जा रही है जैसे खेलकूद हेतु अवस्थापना सुविधाओं का सृजन एवं ग्रामीण युवकों के शारीरिक मानसिक और नैतिक चरित्र का, खेलकूद का आयोजन के माध्यम से विकास, ग्रामीण युवकों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, प्रांतीय रक्षक दल का सशक्तिकरण, जन सेवाओं के संबंध में जागरूकता जैसी कई कार्य को किया जाता है ।

इसी के देखते हुए पीआरडी ने अपना 77वां स्थापना दिवस अकोला के स्टेडियम में मनाया । स्थापना दिवस के अवसर पर प्रांतीय रक्षक दल के जवानों द्वारा 100 मी दौड़, 200 मीटर दौड़, वॉलीबॉल आदि जैसी कई प्रतियोगिताएं कराई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने जवानों को स्थापना दिवस के अवसर पर बधाई दी व सम्मान पत्र व मेडल वितरण किया गया ।

कार्यक्रम के अवसर पर सभी अतिथियों का शील्ड व शाल उड़ाकर सम्मान किया गया। इसकी जिम्मेदारी क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी माधुरी यादव, रवि आरेला, व सुरेश प्रताप बघेल द्वारा संभाली गई, वही जवानों को सलामी व परेड का प्रशिक्षण सुबह से ही दिलाया गया।

# ताजमहल पर परिजनों से बिछड़े महाराष्ट्र के तुकाराम

- ताज सुरक्षा पुलिस की क्विक रिस्पांस टीम ने अनांसमेंट कराकर परिवार से मिलाया

एनएनआई

**आगरा।** महाराष्ट्र के थाणे जिले से ताजमहल देखने आए 62 वर्षीय पर्यटक तुकाराम जयाराम ताजमहल देखने के बाद ताजमहल के पश्चिमी गेट से बाहर निकल रहे थे। एग्जिट गेट पर भीड़ होने से वे अपने भतीजे और परिवार के सदस्यों से बिछड़ गए। भतीजे और परिवार के सदस्य आरके बैरियर की तरफ चले गए। तुकाराम नीम तिराहा की तरफ चले गए। दोनों एक दूसरे को काफी देर तक खोजते रहे। तुकाराम वृद्ध होने की वजह से थक कर वहीं बैठ गए। उन्होंने थाना ताज सुरक्षा पुलिस की क्विक रिस्पांस टीम के आरक्षी आशु को अपने परिवार से बिछड़ने की सूचना दी। सूचना पर क्विक रिस्पांस टीम प्रभारी द्वारा उच्चाधिकारियों के निर्देशन में सीसीटीवी फुटेज, आरटी सेट मैसेज एवं रेडियो अनाउंसमेंट के माध्यम से प्रसारण कराया गया। कुछ जवान परिवार को ढूंढने के लिए पश्चिमी गेट की तरफ गए।

30 मिनट में बुजुर्ग के परिवार के सदस्य मिल गए। क्विक रिस्पांस टीम के कार्य से प्रभावित होकर परिवार ने ताज सुरक्षा पुलिस के कार्य की प्रशंसा की। आगरा पुलिस का आभार व्यक्त किया गया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक पंकज सिंह पटेल, उप निरीक्षक शिवराज सिंह, आरक्षी आशु, आरक्षी दुर्गेश कुमार, महिला आरक्षी गर्जना और प्रीति शामिल है।

# किसानों की शिकायत पर पहुंचे एसडीएम



एनएनआई

**पिनाहट।** बाजरा खरीद केंद्र पर पिछले एक सप्ताह से किसानों के बाजरा से भरे ट्रैक्टरों की लगी लंबी लाइन ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी थीं। निर्धारित समय पर खरीद न होने से परेशान किसानों ने अधिकारियों से शिकायत की, जिस पर प्रशासन हरकत में आया। जानकारी मिलते ही एसडीएम संतोष कुमार शुक्ला मौके पर पहुंचे और किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी। किसानों ने बताया कि कई दिनों से ट्रैक्टरों के साथ लाइन में लगे रहने के बावजूद उनकी उपज की खरीद नहीं हो रही, जिससे आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

एसडीएम ने किसानों को आश्वासन दिया कि खरीद प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी और किसी भी किसान को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने एमआई ब्रजेश कुमार को स्पष्ट निर्देश दिए कि खरीद कार्य टोकन व्यवस्था के तहत ही किया जाए, ताकि खरीद में पारदर्शिता बनी रहे और सभी किसानों की बारी समय पर आए। एसडीएम ने भरोसा दिलाया कि सभी किसानों का बाजरा निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से खरीदा जाएगा। वहीं एमआई ब्रजेश कुमार ने बताया कि खरीदे हुए बाजरा की लोडिंग में देरी होने के कारण खरीद प्रक्रिया प्रभावित हुई थी। अब ठेकेदार द्वारा गाड़ियाँ उपलब्ध करा दी गई हैं और तेजी से किसानों की बाजरा खरीद की जा रही है। प्रशासन का दावा है कि अब किसी भी किसान को पूर्व की तरह इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

## बाह में प्रसूता की मौत के बाद एक्शन में स्वास्थ्य विभाग

# दूसरे दिन भी छापेमारी, 6 को नोटिस

एनएनआई



**बाह।** न्यू लाइट हॉस्पीटल बाह में झोलाछाप की लापरवाही से बुधवार को क्यारी की प्रसूता सुमन की जान चली गई थी। प्रसूता की मौत के बाद जागे स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को दूसरे दिन भी छापेमारी की। बुधवार को हरलालपुरा और भदरौली में बंगाली क्लीनिक सील किए गये थे। टीम को जैतपुर में डॉ. लोधी, डॉ. सलीम, डॉ. राजपूत, डॉ. बंगाली अपनी क्लीनिक पर इलाज करते हुए मिले। अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि एक भी क्लीनिक संचालक के पास न तो पंजीकरण था और न ही अपने चिकित्सक होने के शैक्षिक अभिलेख थे। चारों संचालकों को नोटिस थमा कर दो दिन में पंजीकरण और शैक्षिक अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा है। जैतपुर में और नंदगवा में टीम को देख कर संचालक अपने क्लीनिक बंद कर भाग खड़े हुए। दोनों के क्लीनिक पर नोटिस चस्पा कर दिए गये हैं। छापेमार टीम में डॉ. जितेन्द्र वर्मा के साथ फार्मासिस्ट संजय बघेल, मयंक भदौरिया, जानकी प्रसाद आदि रहे। स्वास्थ्य विभाग की दूसरे दिन हुई छापेमार कार्यवाही से झोलाछाप क्लीनिक संचालकों में हड़कंप मचा रहा।

# मूंगफली की चिक्की के स्वाद संग मुस्कराए बच्चे



**बाह एनएनआई।** जैतपुर, बाह, पिनाहट ब्लॉक के परिषदीय स्कूलों में गुरुवार से बच्चों को पीएम पोषण के तहत मध्यान्ह भोजन में मूंगफली की चिक्की, गुड़-तिल की गजक, बाजरा के लड्डू, भुने चने-रेबड़ी की व्यवस्था शुरू हो गई। इसके लिए सरकार ने प्रति छात्र 5 रुपये का बजट जारी किया है। प्रत्येक छात्र को न्यूनतम 50 ग्राम मात्रा में सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। बाह क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों में ब्रहस्पतिवार को मिड डे मील में मूंगफली की चिक्की परोसी गई। चिक्की के स्वाद संग बच्चे मुस्कराए बिना नहीं रह सके। जरार, बाह, मंगदपुर, सुंसार के जूनियर हाईस्कूल एवं चांगोली, हिंगोट खेडा, धोबई, किला, खेडा देवीदास प्राथमिक विद्यालयों में मूंगफली की चिक्की का वितरण किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी बाह अमरनाथ, जैतपुर शेष बहादुर सरोज, पिनाहट उमेश गौतम ने बताया कि निरीक्षण के दौरान जिस स्कूल में शासन की मंशानुरूप मूंगफली की चिक्की, गुड़-तिल की गजक, बाजरा के लड्डू एवं भुने चने आदि बच्चों में वितरित न किए जाने की शिकायत मिलने पर जिम्मेदार के खिलाफ कार्यवाही होगी।

# जायरीन मेला की व्यवस्थाओं पर पुलिस के साथ हुई बैठक

**फतेहपुर सीकरी एनएनआई।** आगामी अजमेर शरीफ के मेला से लौटकर सीकरी में आने वाले हजारों जायरीनों की व्यवस्थाओं के लिए आयोजित बैठक में व्यवस्थाओं को लेकर मंथन किया गया ए सी पी प्रवेश गुप्ता,बीतहसीलदार दीपांकर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अजमेर से आने वाले जायरीनों के वाहनों की पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था के साथ अन्य विषयों पर दरगाह प्रबंधन, संभ्रांत लोगों के साथ मंथन किया गया। आगरा गेट के निकट स्थित स्थान पर जायरीन वाहनों के पार्किंग किए जाने पर विस्तृत चर्चा हुई, उक्त स्थल पर पूर्व में भी पार्किंग होने की बात रखी गई तथा स्थान के स्वामी से वार्ता करने के लिए कहा गया। अधिकारियों द्वारा सीकरी में आने वाले जायरीनों की व्यवस्थाओं को दुरस्त किए जाने के लिए कहा गया। इस मौके पर नायब तहसीलदार चर्चित गौतम, प्रभारी निरीक्षक आनंद वीर सिंह, पूर्व चेयरमैन मो इस्लाम, बदरूद्दीन कुरैशी, मुरारीलाल गोयल,हनी गोयल, अलीम चौधरी, डॉ मुस्तकीम, निसार अहमद, रमजान उस्मानी, चांद कुरैशी, राजेन्द्र समाजसेवी,अल्ताफ कुरैशी, वैभव श्रीवास्तव, कृष्ण बहादुर शर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



## अज्ञात युवकों ने एटीएम कार्ड बदलकर उड़ाए 60 हजार रुपये

**पिनाहट एनएनआई।** कस्बा भदरौली में स्थित एक एटीएम पर गुरुवार को अज्ञात युवकों द्वारा ठगी का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार भागीरथ नामक व्यक्ति पैसे निकालने एटीएम पहुंचे थे। वहाँ पहले से मौजूद दो युवकों ने उनकी सहायता करने के बहाने उनका एटीएम कार्ड ले लिया और पिन नंबर पूछकर मशीन पर काम करने लगे। इसी दौरान आरोपियों ने चुपचाप उनका कार्ड बदल दिया और मौके से निकल गए। कुछ देर बाद भागीरथ के मोबाइल पर लगातार निकासी के संदेश आने लगे। पीड़ित ने जब बैंक खाते की जांच की तो पता चला कि छह बार में कुल 60,000 रुपये निकाल लिए गए हैं। घटना की जानकारी होते ही पीड़ित ने थाना पिनाहट पहुंचकर अज्ञात युवकों के खिलाफ प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# गुम हुआ महिला के बैग को पुलिस ने बरामद कर सौंपा



**फतेहपुर सीकरी एनएनआई।** राजस्थान के कामा से देवनारी गांव में आयोजित एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने आई आशा पत्नी स्वर्गीय चंद्रभान का बैग रास्ते में टेंपो में छूट गया। महिला के अनुसार बैग में लगभग पांच हजार रुपए नकद, एक मोबाइल फोन और कुछ जेवर रखे हुए थे। पीड़ित महिला आशा द्वारा बैग गुम होने की सूचना थाना पुलिस को दी गई। सूचना प्रभारी निरीक्षक आनंद वीर सिंह के निर्देश पर पुलिस टीम ने जांच शुरू की। जांच करते हुए कॉन्स्टेबल मानवेन्द्र सिंह और विनय चौधरी के प्रयासों से लगभग 24 घंटे के भीतर बैग को सुरक्षित रूप से बरामद कर लिया। पुलिस द्वारा बरामद बैग आशा को सुपुर्द किया गया, जिसमें नकदी, मोबाइल और जेवर सुरक्षित में पाए गए। महिला ने पुलिस टीम की कार्रवाई के लिए आभार व्यक्त किया।

# छुट्टा मवेशी उजाड़ रहे फसलें, बाजरा खरीद केन्द्रों पर हो रही धांधली

एनएनआई



**बाह।** बाड़ लगाने के बाद भी बाह, पिनाहट, जैतपुर ब्लॉक के 214 गांवों में छुट्टा मवेशी खेतों में घुस कर आलू, सरसों, गेंहू की फसल को उजाड़ रहे हैं। फसलें बर्बाद होने से चिंतित किसान बाजरा खरीद केन्द्रों पर हो रही धांधली से परेशान हैं। ब्रहस्पतिवार को भारतीय किसान यूनियन (सर्वोदय) के जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में संगठन ने तहसील मुख्यालय पर ग्रामीण किसानों की समस्या उठाई। उन्होंने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार संपूर्ण कुलश्रेष्ठ को दिया है। जिसमें कहा गया है कि सर्दी के मौसम में खेत में फसलों की सुरक्षा कठिन चुनौती बन गई है। बाड़ और पहरेदारी के बाद भी छुट्टा मवेशी फसल को नष्ट कर रहे हैं। बाह, पिनाहट, जैतपुर के खंड विकास अधिकारी को अवगत कराने के बाद भी छुट्टा मवेशी के आतंक से मुक्ति को कोई प्रयास नहीं किए गये हैं। समय रहते छुट्टा मवेशी को गोशालाओं में भिजवाने की व्यवस्था की जाए, ताकि किसानों की फसल बर्बाद होने से बच जाए। बाजरा खरीद केन्द्र पर हो रही धांधली का मामला भी ज्ञापन में उठाया गया है। जिसमें धांधली की जांच के साथ ही किसानों के बाजरा की तौल सुनिश्चित कराए जाने की मांग की। दोनों ही समस्याओं का समाधान न होने पर तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन की धमकी दी है। इस दौरान युवा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष श्रवण भदौरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव भदौरिया, रामौतार, लक्ष्मीकांत शर्मा, पप्पू त्यागी, विनय भदौरिया, अजय यादव, राजीव यादव, चंदा आदि रहे।

## संपादकीय

# महाराष्ट्र में दोनों शिवसेना के अपने-अपने दर्द



महाराष्ट्र की राजनीति में आजकल बहुत चर्चा है। कहा जा रहा है कि एकनाथ शिंदे की शिव सेना पर खतरा मंडरा रहा है। महाराष्ट्र में महायुति यानी भाजपा, शिव सेना और एनसीपी की सरकार को प्रचंड बहुमत है। भाजपा अकेले 132 सीट जीती है, जबकि बहुमत का आंकड़ा 145 का है। बताया जा रहा है कि भाजपा की ओर से लगातार इस बात की कोशिश हो रही है कि उसका अपने दम पर बहुमत हो जाए। लेकिन क्या यह बहुमत एकनाथ शिंदे की शिव सेना को तोड़ कर बनेगा? कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस की शिंदे के साथ नहीं बन रही है लेकिन शिंदे को दिल्ली से भाजपा के बड़े नेताओं का समर्थन हासिल है। मुश्किल यह है कि अगर भाजपा अपने को मजबूत करने के लिए शिव सेना को तोड़ती है तो फिर उसका बफर खत्म होगा। अगर एकनाथ शिंदे के कुछ विधायक टूट कर भाजपा में जाएंगे तो बचे हुए विधायक और पूरी पार्टी उद्धव ठाकरे के साथ चली जाएगी। फिर उद्धव ठाकरे की शिव सेना का रिवाइवल हो जाएगा। भाजपा ऐसा नहीं होने दे सकती है। इसलिए एकनाथ शिंदे की शिव सेना का वजूद बचा रहेगा। अगर जरुरत पड़ी तो उद्धव की शिव सेना और अजित पवार की एनसीपी या कांग्रेस को तोड़ने का प्रयास किया जाएगा। तभी आदित्य ठाकरे ने जो कहा कि शिंदे की पार्टी के 22 विधायक टूटने वाले हैं वह एक राजनीतिक दांव है। उद्धव ठाकरे और उनकी पार्टी के नेता चाहते हैं कि शिंदे की पार्टी टूटे। इसका सीधा लाभ उनकी पार्टी को मिलेगा। वहीं महाराष्ट्र में विधानसभा का सत्र चल रहा है। सत्र शुरू होने से पहले उद्धव ठाकरे ने कहा कि एक साल से ज्यादा हो गए और अभी तक विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का फैसला नहीं हुआ। वे चाहते हैं कि उनकी पार्टी को मुख्य विपक्षी पार्टी का दर्जा मिले और उसका नेता प्रतिपक्ष का नेता बने। लेकिन यह संभव नहीं है। 288 सदस्यों की विधानसभा में मुख्य विपक्षी पार्टी का दर्जा हासिल करने के लिए कम से कम 28 सीटें जीतना जरूरी है। उद्धव ठाकरे की शिव सेना को सिर्फ 20 सीटें मिली हैं। पिछले साल चुनाव नतीजों के बाद उद्धव ठाकरे ने दावा किया था कि महाविकास अघाड़ी यानी विपक्षी गठबंधन के 50 विधायक हैं। उनका कहना था कि चूंकि महाविकास अघाड़ी एक गठबंधन के तौर पर चुनाव लड़ा था इसलिए उसके विधायक दल के नेता को नेता प्रतिपक्ष का दर्जा दिया जाए। कायदे से यह बात सही प्रतीत होती है क्योंकि अगर किसी पार्टी को बहुमत नहीं मिले लेकिन गठबंधन को बहुमत मिला हो तो गठबंधन के नेता को मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री बनाया जाता है। उसी तरह किसी पार्टी को 10 फीसदी सीटें नहीं मिली हैं लेकिन अगर चुनाव पूर्व गठबंधन को 10 फीसदी से ज्यादा सीटें हैं तो उसे प्रतिपक्ष का नेता पद मिलना चाहिए। लेकिन ऐसा लग रहा है कि भारतीय जनता पार्टी इस तरह की कोई उदारता दिखाने के मूड में नहीं है। भाजपा को पता है कि मुख्य विपक्षी पार्टी का दर्जा देना और नेता प्रतिपक्ष बनाने के बाद क्या चुनौती आ सकती है। ध्यान रहे केंद्र में नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद ही राहुल गांधी ने यह मांग शुरू की है उनको विदेशी मेहमानों से मिलवाया जाए। इससे पहले दो लोकसभा में कांग्रेस को मुख्य विपक्षी पार्टी का दर्जा नहीं मिला था तो ऐसी कोई मांग नहीं उठी थी।

सर्दियों के मौसम में शरीर की देखभाल करना बेहद जरूरी है, खासकर बुजुर्गों और छोटे बच्चों के लिए। इनकी इम्यूनिटी कमजोर होती है, इसलिए उन्हें ठंड ज्यादा लगती है और वे आसानी से बीमार पड़ जाते हैं। सर्दियों की शुरूआत होते ही छोटे बच्चों में सर्दी-खांसी, जुकाम और विशेष रूप से निमोनिया के मामले बढ़ने लगते हैं। डॉक्टरों के अनुसार ठंडी और सूखी हवा बच्चों के फेफड़ों पर तुरंत असर डालती है, जिससे सांस से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में इस मौसम में बच्चों की सुरक्षा और सही देखभाल पर विशेष ध्यान देना बेहद जरूरी है।



# ठंड में छोटे बच्चों में बढ़ रहे निमोनिया के केस, उनका ख्याल जरूरी

उत्तराखंड के कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड के साथ हवा में नमी कम होने से छोटे बच्चों की सेहत पर खतरा बढ़ गया है। देहरादून के दून मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग में रोजाना कई बच्चे निमोनिया के लक्षणों के साथ पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि मौसम बदलने के साथ यह संक्रमण और तेज हो सकता है।

**कैसे पहचानें निमोनिया के लक्षण?**

डॉक्टरों के अनुसार, सामान्य सर्दी-खांसी अक्सर ठीक हो जाती है, लेकिन समय पर इलाज न मिले तो यही संक्रमण निमोनिया में बदल जाता है। बच्चों में दिखाई देने वाले प्रमुख लक्षण।

तेज बुखार, सीने में दर्द और जकड़न होना

छाती का धंसना और सांस लेने में तकलीफ या तेज सांस होना।

सिरदर्द और मांसपेशियों में दर्द होना।

मितली, उल्टी और दस्त।

सीने से गड़गड़ाहट की आवाज आना।



अगर ये लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

**कैसे रखें बच्चों का ध्यान? ये उपाय अपनाएं**

बच्चों को ठंड से बचाएं

अक्सर माता-पिता यह मान लेते हैं कि घर के अंदर होने पर बच्चे हल्के कपड़ों में रह सकते हैं, जबकि यह बड़ी गलती है। सर्दियों में बच्चों का शरीर तापमान जल्दी गिरता है, जिससे वे तुरंत ठंड पकड़ लेते हैं। इसलिए जरूरी है कि बच्चे को मल्टी-लेयर गर्म कपड़े पहनाए जाएं और उसके हाथ-पैर हमेशा ढके रहें, ताकि शरीर की गर्माहट बनी रहे और सर्दी-श्ी"इी बीमारियों का खतरा कम हो।

कमरे में हीटर चलाते समय नमी बनाए रखें

हीटर चलने पर कमरे की हवा सूख जाती है, जिससे बच्चे की नाक, गला और स्किन पर ड्राइनेस बढ़ सकती है। ऐसी स्थिति में बच्चों को संक्रमण का खतरा भी ज्यादा होता है। इसलिए हीटर का इस्तेमाल करते समय कमरे में नमी बनाए रखना जरूरी है। इसके लिए आप ह्यूमिडिफायर का उपयोग कर सकते हैं या फिर कमरे में पानी से भरा एक बर्तन रखकर भी हवा में पर्याप्त नमी बनाए रखी जा सकती है।

**बच्चे को जरूरी टीके लगवाएं**

बच्चों को न्यूमोकोकल और फ्लू वैक्सीन समय पर लगवाना बेहद जरूरी है, क्योंकि ये वैक्सीन उन्हें गंभीर श्वसन संक्रमणों से मजबूत सुरक्षा प्रदान करते हैं। डॉक्टरों की सलाह है कि अभिभावक वैक्सीन शेड्यूल में देरी न करें और नियमित टीकाकरण समय पर करवाकर बच्चे की इम्यूनिटी को सुरक्षित रखें।

**बच्चे को धूप जरूर दिखाएं**

सर्दियों में रोजाना 10-15 मिनट हल्की धूप बच्चों के स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होती है। धूप से शरीर में विटामिन ऊका निर्माण होता है, जो इम्यूनिटी को मजबूत बनाता है। साथ ही नियमित धूप फेफड़ों की क्षमता को बेहतर करती है और बच्चों को मौसमी संक्रमणों से बचाने में मदद करती है।

**फीडिंग में बरतें खास सावधानी**

डॉक्टरों के अनुसार दूध की बोतल बच्चों में निमोनिया या अन्य संक्रमण फैलने का सबसे बड़ा कारण बन सकती है।

बोतल अगर ठीक से साफ न हो, तो बैक्टीरिया पनपते हैं।

दूध बोतल में ज्यादा देर स्टोर रखने पर ठंडा हो जाता है, जो बलगम बनाता है।

गंदा निप्पल संक्रमण सीधे बच्चे के पेट और फेफड़ों तक पहुंचा देता है।

**फीडिंग कराते समय ध्यान करें**

हमेशा बोतल को उबालकर या स्टरलाइज करके ही इस्तेमाल करें।

दूध हल्का गर्म करके दें।

चाहें तो उसमें चुटकीभर हल्दी मिला सकते हैं।

कोशिश करें कि बच्चा मां का दूध पिए, क्योंकि यह सबसे पौष्टिक और इम्यूनिटी बढ़ाने वाला होता है।

सर्दियों में बच्चों को निमोनिया से बचाना आसान है, बस थोड़ी सावधानी जरूरी है। उन्हें गर्म रखें, कमरे की नमी नियंत्रित करें, धूप दिखाएं, साफ फीडिंग प्रैक्टिस अपनाएं और टीकाकरण समय पर कराएं। किसी भी असामान्य लक्षण दिखते ही डॉक्टर से सलाह लेना ही सबसे सुरक्षित कदम है।



newsnextindia1@gmail.com
NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया



# 83 वर्ष की आयु में भी अमिताभ बच्चन की अद्भुत कार्यशीलता

भारतीय सिनेमा के महानायक अमिताभ बच्चन 83 वर्ष की आयु में भी काम के प्रति अपनी अद्भुत लगन से युवा कलाकारों को प्रेरित कर रहे हैं। हाल ही में अपना जन्मदिन मनाने वाले अमिताभ अपने लंबे समय से चल रहे ब्लॉग के माध्यम से अक्सर व्यक्तिगत अनुभव और भावनाएँ साझा करते हैं। अपनी नवीनतम पोस्ट में उन्होंने बताया कि उनका कार्यक्रम इतना व्यस्त रहा कि वे पूरी रात सुबह पाँच बजे तक काम करते रहे और इसी व्यस्तता में ब्लॉग अपडेट करना भी भूल गए। उन्होंने अपने प्रशंसकों से क्षमा मांगते हुए लिखा कि उनके लिए कभी कोई अफसोस नहीं हो सकता। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने बताया कि वे पिछले कई दिनों से भावनात्मक रूप से असहज हैं और मन-शरीर काम की दिनचर्या पर प्रतिक्रिया नहीं दे पा रहा है। अमिताभ ने स्वीकार किया कि लोगों का कहना होता है कि शो चलता रहना चाहिए, लेकिन दुख में डूबा व्यक्ति भीतर ही भीतर संघर्ष करता है। हाल ही में उन्होंने अपने वरिष्ठ सहकलाकार और करीबी मित्र धर्मेंद्र के निधन पर भावुक श्रद्धांजलि दी थी। उन्होंने धर्मेंद्र को बहादुर दिग्गज बताते हुए कहा कि उनका जाना एक ऐसी कमी है जिसे कोई पूरा नहीं कर सकता। इधर 'कौन बनेगा करोड़पति' की टीम ने एक व्यस्त शूटिंग दिवस के बाद उन्हें रात्रिभोज के लिए दक्षिण भारतीय भोजनालय ले जाकर सम्मान दिया। हालांकि अमिताभ ने इस सद्भावना की सराहना की, पर मन ही मन वे उदास थे क्योंकि उसी दिन उनके पिता हरिवंश राय बच्चन की जयंती थी। पेशेवर मोर्चे पर अमिताभ बच्चन आखिरी बार फिल्म क्लिक 2898 ईस्वी में दिखाई दिए, जिसमें अश्वत्थामा की उनकी भूमिका को सराहना मिली। फिल्म ने विश्व स्तर पर एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की।



# मराठी किरदार साकार करने में लगती है गहरी मेहनत : मनोज बाजपेयी

प्रसिद्ध अभिनेता मनोज बाजपेयी ने मुंबई में आयोजित ह्यमेटामॉर्फोसिसह्न कार्यक्रम के दौरान मराठी किरदारों पर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि वर्ष 1998 की चर्चित फिल्म सत्या में निभाए गए भीखू म्हात्रे के साथ-साथ उन्होंने अनेक मराठी भूमिकाएँ निभाई हैं। अभिनेता के अनुसार मराठी किरदार केवल भाषा बोलने से नहीं बनता, बल्कि यह देखना होता है कि वह पात्र महाराष्ट्र के किस क्षेत्र से आता है, उसकी बोली का लहजा कैसा है और उसका व्यक्तित्व कैसा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि अलीगढ़ फिल्म में उनका किरदार नागपुर का निवासी था, इसलिए उसकी मराठी का सुर और लहजा अलग रखा गया। वहीं इंस्पेक्टर शिंदे में मराठी बोलचाल बिल्कुल भिन्न थी, जबकि सत्या में भीखू म्हात्रे का लहजा मुंबई की चॉलों का था। मनोज बाजपेयी के अनुसार, हर किरदार पर विस्तृत अध्ययन किया जाता है और फिर संवाद-अभिनय का अभ्यास शुरू होता है। उन्होंने कहा कि वे हर भाषा का सम्मान करते हैं और उनकी मातृभाषा भोजपुरी है, जिसे वे आज भी परिवार और मित्रों के साथ बोलते हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि वे आज भी मराठी सीख रहे हैं, और सीखने की प्रक्रिया कभी समाप्त नहीं होती।



# गंगूबाई काठियावाड़ी ने मुझे सबसे अधिक प्रभावित किया

# आलिया भट्ट

अभिनेत्री आलिया भट्ट ने सऊदी अरब में आयोजित रेड सी अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में कहा कि फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी में निभाई गई उनकी भूमिका ने उन्हें सबसे अधिक भावनात्मक रूप से प्रभावित किया। संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित यह फिल्म 25 फरवरी 2022 को प्रदर्शित हुई थी और आलिया को इस भूमिका के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिला। उन्होंने कहा कि संजय लीला भंसाली भारतीय सिनेमा के उन चुनिंदा रचनाकारों में हैं जिनकी फिल्में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय कथाओं को नई पहचान देती हैं। आलिया ने यह भी बताया कि हाईवे में निभाया गया उनका किरदार आज भी उनके दिल के बेहद करीब है। फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी की सफलता के बाद आलिया भट्ट और संजय लीला भंसाली अब लव ऐंड वॉर नामक प्रेम कहानी पर कार्य कर रहे हैं, जिसमें रणबीर कपूर और विक्की कौशल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।





# दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 51 रन से हराया

## सीरीज में हासिल की 1-1 की बराबरी

**मुल्लांपुर।** क्विंटन डिकॉक के बाद ओटेनिल बार्टमैन की शानदार गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने भारत को दूसरे टी20 मैच में 51 रन से हराया। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। दक्षिण अफ्रीका ने डिकॉक के शानदार अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में चार विकेट पर 213 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 19.1 ओवर में 162 रन पर ऑलआउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका ने इस तरह पांच मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली है। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की बल्लेबाजी अच्छी नहीं रही और टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। शुभमन गिल और कप्तान सूर्यकुमार यादव का बल्ला एक बार फिर खामोश रहा। गिल तो खाता भी नहीं खोल सके। वहीं, अभिषेक शर्मा ने आक्रामक बल्लेबाजी करने की कोशिश की, लेकिन वह जल्द ही विकेट गंवा बैठे। भारत के लिए सिर्फ तिलक वर्मा ने अच्छी बल्लेबाजी की और अर्धशतक लगाया। तिलक आखिरी बल्लेबाज के तौर पर आउट हुए।

भारत की ओर से तिलक वर्मा ने 34 गेंदों पर दो चौकों और पांच छक्कों की मदद से 62 रन बनाए। वहीं, जितेश शर्मा ने 27, अक्षर पटेल ने 21, हार्दिक पांड्या ने 20 और अभिषेक शर्मा ने 17 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के लिए ओटेनिल बार्टमैन ने चार विकेट झटके, जबकि लुंगी एनगिडी, मार्को यानसेन और लुथो सिपाम्ला को दो-दो विकेट मिले।



## डब्ल्यूबीबीएलः मूनी की तूफानी पारी, सिक्सर्स के खिलाफ जीत के साथ फाइनल में स्कॉर्चर्स

**सिडनी।** पर्थ स्कॉर्चर्स ने गुरुवार को विमेंस बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) 2025 के चैलेंजर्स मुकाबले में सिडनी सिक्सर्स के खिलाफ 11 रन से रोमांचक जीत दर्ज करते हुए खिताबी



मुकाबले में जगह बना ली है। अब यह टीम शनिवार को फाइनल में होबार्ट हेरिकेंस से भिड़ेगी। नॉर्थ सिडनी ओवल में खेले गए इस मुकाबले में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी पर्थ स्कॉर्चर्स की टीम ने 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 183 रन बनाए। इस टीम के लिए केटी मैक और बेथ मूनी ने 7.2 ओवरों में 66 रन की साझेदारी की। मैक 30 गेंदों में 40 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। यहां से बेथ मूनी ने मोर्चा संभाला। उन्होंने महज 44 गेंदों में 11 चौकों और 1 छक्के के साथ 76 रन की पारी खेलते हुए टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया। इनके अलावा, पेज स्कोफील्ड ने 14 रन, जबकि अलाना किंग ने 11 रन टीम के खाते में जोड़े।\ विपक्षी टीम की ओर से कप्तान एश्ले गार्डनर ने सर्वाधिक 3 विकेट हासिल किए, जबकि मैतलान ब्राउन और अमेलिया केर ने 2-2 विकेट निकाले। लॉरेन चीटल ने एक विकेट हासिल किया। इसके जवाब में सिडनी सिक्सर्स की टीम 20 ओवरों के खेल तक 6 विकेट खोकर सिर्फ 172 रन ही बना सकी। इस टीम को सलामी जोड़ी ने शानदार शुरूआत दिलाई। सोफी डंकले ने एलिस पेरी के साथ 7.3 ओवरों में 58 रन की साझेदारी की।

## अर्शदीप ने फेंकी सात वाइड गेंद

अर्शदीप ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 मैच में अच्छी गेंदबाजी की थी, लेकिन दूसरे मैच में वह लय में नजर नहीं आए। दक्षिण अफ्रीका की पारी का 11वां ओवर डालने आए अर्शदीप ने इस ओवर में सात वाइड फेंकी और कुल 18 रन लुटाए। अर्शदीप ने ओवर में कुल 13 गेंदें डाली जो टी20 अंतरराष्ट्रीय में किसी पूर्णकालिक देश के गेंदबाज द्वारा संयुक्त रूप से सर्वाधिक है। अर्शदीप से पहले अफगानिस्तान के नवीन उल हक ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 2024 में खेले गए मैच में एक ओवर में 13 गेंद डाली थी। अर्शदीप ने ओवर की शुरूआत छक्के के साथ की। इसके बाद उन्होंने लगातार दो वाइड गेंद फेंकी। दूसरी वैध गेंद पर कोई रन नहीं आया। फिर अर्शदीप ने लगातार चार वाइड गेंद फेंकी। इस पर ड्रेसिंग रूम में बैठे मुख्य कोच गौतम गंभीर भी गुस्सा गए। तीसरी वैध गेंद पर एक रन, चौथी पर दो रन और पांचवीं वैध गेंद पर एक रन आया। अर्शदीप ने फिर वाइड फेंकी जो इस ओवर की उनकी सातवीं वाइड गेंद थी। अंत में छठी वैध गेंद पर एक रन आया। इस तरह अर्शदीप का लंबा ओवर समाप्त हुआ।



## शुक्रवार, 12 दिसम्बर राशिफल

मेष राशि के जातकों को राजनीतिक-सामाजिक क्षेत्र में विरोधी परेशानी खड़ी कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में निरन्तर परिश्रम की आवश्यकता रहेगी। सायंकाल के समय अतिथियों के आगमन से खर्चा बढ़ेगा। आज आपके जन्म स्थान से षष्ठम चन्द्रमा और द्वादश भाव में शनि-मंगल का योग बना हुआ है।

आज राशि का स्वामी शुक्र-बुध के साथ षष्ठम भाव में कोई नई परेशानी पैदा करेगा। कार्य की अधिकता के कारण स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए खान-पान पर विशेष नियंत्रण रखें। कला व साहित्य में मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

दशम भाव में कुंभ राशि का राहु और द्वितीय कोष लग्न केन्द्र भाव में बृहस्पति होने के कारण आज आपका मूड सुबह से ही अच्छा रहेगा। सभी क्षेत्रों में बुद्धि और कौशल का प्रयोग करेंगे तो सफलता मिलेगी। राजनीतिक क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से जो असमंजस की स्थिति बनी हुई थी आज समाप्त हो जाएगी।

आज नौकरी, व्यवसाय व राजनीतिक क्षेत्र में प्रगति की स्थिति रहेगी। बड़े बुजुर्ग कार्यक्षेत्र में हर तरह से आपकी मदद करेंगे। खर्चों में थोड़ी कटौती करनी पड़ेगी नहीं तो कष्ट उठाना पड़ सकता है। कला-क्रीड़ा व साहित्य के क्षेत्र में आ रही बाधा दूर होने की संभावना है।

दिन के पूर्वार्ध में पारिवारिक जीवन में कुछ खटपट देखने को मिल सकती है। ऐसे में आपको साहस व धैर्य से काम लेना होगा, किसी भी कार्य में जल्दबाजी न करें। कार्यक्षेत्र में प्रगति की बहुत संभावनाएं हैं। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव रहेगा।

आज आपकी राशि का स्वामी बुध तृतीय भाव में संचार कर रहा है। राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र में तनाव की स्थिति रहेगी। विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम की आवश्यकता है। परिवार में संपत्ति को लेकर भी कुछ तनाव उत्पन्न हो सकता है।

कन्या राशि का चन्द्रमा द्वादश व्यय भाव केन्द्र में आज पराक्रम व धन की वृद्धि करेगा। न्यायालयीय मामलों में विजय होगी। कार्यक्षेत्र में सफलता के शीर्ष पर पहुंचेंगे। अचल संपत्ति के व्यापार से लाभ होगा। संतान की सफलता के समाचार से आप आनंदित होंगे।

राशि का स्वामी मंगल अपनी धनु राशि पर और चंद्रमा कन्या राशि के एकादश भाव में संचार कर रहा है। आज चंद्रमा की स्थिति अत्यंत अनुकूल है। इससे आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि के संकेत मिल रहे हैं। व्यवसाय में अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।

आज आपको संतान पक्ष से कोई हर्षवर्धक समाचार मिल सकता है। जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। नए-नए खर्चे निकल कर सामने आएंगे। आ कोई झूठा आरोप भी आप पर लग सकता है। सायंकाल से लेकर रात्रि तक यात्रा का योग है, उसमें खास कर चौकन्ने रहें।

आपकी राशि का स्वामी शनि तृतीय भाव में और राशि से सप्तम भाव कर्क राशि का ही गुरु आज आपको सुव्यवस्था का कोई कार्य सौंपेगा। राजनीतिक-सामाजिक क्षेत्र में नए संपर्क बनेंगे। शिक्षा क्षेत्र में विशेष प्रगति होकर समाज में सम्मान मिलेगा।

चन्द्रमा अष्टम भाव में कन्या राशि पर संचार कर रहा है। लेन-देन के मामलों में सावधानी बरतें। व्यय की अधिकता के कारण आज आपको किसी से कर्जा भी लेना पड़ सकता है। पारिवारिक कार्यों में दौड़ धूप रहेगी। आप अपनी कार्यकुशलता से औरों को प्रभावित करेंगे।

राशि का स्वामी कर्क में तथा प्रथम लग्न प्रमुख केन्द्र भाव में राहु राज्य विजय कारक है। आज आप अपने प्रतिद्वंद्वियों के लिए सिरदर्द बने रहेंगे। परिवार में भी आपके प्रति प्रेम व आदर की भावना बढ़ेगी। देव, गुरु, ब्राह्मणों के प्रति भक्ति भावना में इच्छित कार्यों की सफलता में चल रहा व्यवधान समाप्त हो जाएगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# गोवर्धन महाराज की जय से गूंज उठा पंडाल



एनएनआई

**आगरा।** कमला नगर स्थित भोले बाबा पार्क में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस की कहानी में कथा व्यास आचार्य ब्रजकिशोर वशिष्ठ भैया ने गोवर्धन लीला, गौ-सेवा और अन्नकूट महोत्सव के आध्यात्मिक रहस्य उजागर किए। कथा स्थल भक्तिभाव, प्रकृति संरक्षण के संदेश और श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से सराबोर रहा। आचार्य भैया ने कहा कि गोवर्धन लीला केवल दिव्य चमत्कार नहीं, बल्कि प्रकृति-आधारित जीवन पद्धति का शाश्वत मन्त्र है, जो पर्वत, वन और जल स्रोतों जैसे प्राकृतिक धरोहरों की रक्षा का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि कृष्ण द्वारा इंद्र पूजा के स्थान पर गोवर्धन पूजन की परंपरा प्रारंभ करना इस बात का संकेत है कि मानव और प्रकृति का बंधन ही वास्तविक समृद्धि का आधार है।

कथाव्यास ने श्रीकृष्ण की नटखट बाल लीलाओं–माखन चोरी, गोपालों संग क्रीड़ा, गायों के प्रति वात्सल्य का मधुर वर्णन कर वातावरण को कृष्णमय कर दिया। उन्होंने छप्पन भोग की परंपरा को प्रेम, कृतज्ञता और अन्नझसम्मान का अद्वितीय प्रतीक बताया। कथा के दौरान भक्तों ने परंपरागत गोवर्धन महाराज स्थापना, परिक्रमा और गौ-पूजन किया। गिरिराजधरण की जय और गोवर्धन महाराज की जयह्व के जयघोषों से पंडाल गूंज उठा। इसके पश्चात अन्नकूट महोत्सव में सुसज्जित विविध व्यंजनों की प्रसादी वितरित की गई।श्रीकृष्ण स्वरूप द्वारा प्रस्तुत गोवर्धन लीला का मनोहारी मंचन कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा, जिसने पूरे परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्तिझरस से भर दिया। व्यास पूजन मुख्य यजमान श्री कृष्णा मिश्रा, दैनिक यजमान डॉ. जीएस जैन, देवेंद्र शर्मा, लोकेश गर्ग, राजू गुप्ता, रवि अग्रवाल, राजीव शर्मा, मुकेश अग्रवाल ने सपत्नीक किया। व्यवस्थापन में योगेश जैसवाल, प्रियंका मिश्रा, राधा शर्मा, राजेश्वरी शर्मा, रजनी अग्रवाल, प्रीति गुप्ता, नीरज जैसवाल आदि की सहभागिता रही।

# सेवाकालीन टीईटी लागू करना तानाशाही

- टीईटी अनिवार्यता को समाप्त कराने के लिए आगरा के शिक्षकों ने जंतर मंतर पर किया प्रदर्शन



**आगरा/दिल्ली** एनएनआई। टीईटी अनिवार्यता को समाप्त कराने के लिए देश भर के शिक्षकों के साथ आगरा के शिक्षकों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। मांग रखी है कि केंद्र सरकार संसद में अध्यादेश लेकर आए अन्यथा देश भर की सड़कों पर शिक्षक आंदोलन करेंगे।

अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील पाण्डेय के नेतृत्व में देश भर के शिक्षक जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन कर आंदोलन करने के लिए दिल्ली में थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील पाण्डेय ने कहा कि सेवाकालीन टीईटी लागू करना तानाशाही निर्णय है।

जिससे शिक्षकों पर अनावश्यक दबाव बढ़ेगा और शिक्षा की गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय काउंसलर बृजेश दीक्षित ने बताया कि जंतर-मंतर पर शिक्षकों ने विरोध दर्ज कराया। केंद्र सरकार से संसद में अध्यादेश लाकर देश के करीब 25 लाख शिक्षकों के भविष्य पर आए संकट को बचाने की मांग की है।अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि टीईटी लागू करना अन्यायपूर्ण है और इसे वापस लिए जाने तक आंदोलन जारी रहेगा।

धरना प्रदर्शन में जनपद आगरा से ओमवीर सिंह डागुर, सूरज शर्मा, विकास चतुर्वेदी, राजेन्द्र त्यागी, रंजीत सिंह चाहर, प्रमोद राजपूत, समुद्र सिंह दिनेश शर्मा, शिव सिंह, राघवेन्द्र सिंह, संजीव धाकरे, कृष्ण गोपाल उपाध्याय, सुनील कटारा, पुनीत गोयल, लक्ष्मीनारायण गोयल, दिनेश शर्मा, मनमोहन सोलंकी, नेत्रपाल चाहर, प्रभात मंगल, अजय सिकरवार, हरेंद्र वर्मा, प्रदीप चौधरी, निजामुद्दीन, मोहम्मद अजीम, अतीकुर्रहमान मुदित चौधरी, अनुज शर्मा, संदीप परिहार अतीक उर रहमान, संदीप परिहार, अनिल धाकरे, राहुल कौशिक, शशांक भारद्वाज, भगवती प्रसाद खंडेलवाल, प्रशांत नौहवार, विजय सिकरवार, कामता प्रसाद, आशुतोष विक्रम ने भाग लिया।

# 'ग्राहक जागरूकता पखवाड़ा' में किया जाएगा जागरूक

- अतिथि वन में ग्राहक जागरूकता पखवाड़ा कार्यक्रम के पोस्टर का हुआ विमोचन
- ग्राहकों को उनके अधिकारों के प्रति सचेत करने के लिए निकाली जाएगी ग्राहक जागरूकता रैली




एनएनआई

**आगरा।** ग्राहकों के अधिकारों और हितों के संरक्षण के लिए समर्पित अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा दिसंबर माह में 'ग्राहक जागरूकता पखवाड़ा' मनाया जाएगा। इस विशेष पखवाड़े के कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से, वाटरवर्क्स स्थित अतिथिवन में पदाधिकारियों द्वारा जागरूकता पखवाड़े का पोस्टर जारी किया गया।

जिलाध्यक्ष पार्षद मुरारी लाल गोयल ने बताया कि जागरूकता पखवाड़े की शुरुआत 15 दिसंबर से एक भव्य ग्राहक जागरूकता रैली के साथ होगी। यह रैली ग्राहकों को उनके अधिकारों के प्रति सचेत करने और बाजार की भ्रामक गतिविधियों से बचाव के लिए प्रेरित करेगी। 24 दिसम्बर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर आयोजित होने वाला कार्यक्रम होगा। जागरूकता पखवाड़े के अंतर्गत ग्राहक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में आयुष्मान कार्ड कैम्प का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित लोगों को जोड़ा जा सके। कार्यक्रम संयोजक सुमन गोयल ने कहा कि ग्राहक को बाजार का राजा कहा जाता है, लेकिन जानकारी के अभाव में वे अक्सर ठगी का शिकार हो जाते हैं। इस दौरान इंद्र भूषण कुलश्रेष्ठ, हरिओम गोयल, विश्वनाथ भारद्वाज, मयंक खंडेलवाल, राजेश प्रकाश मित्तल, प्रदीप लूथरा, कुमकुम उपाध्याय, पूजा जैन आदि उपस्थित रहे।

